धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार
26.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आश्विन, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 77 | 12



फिल्म सीटीआरएल का ट्रेलर रिलीज

## न्यूज डायरी

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज आयेंगे धनबाद

**रांची।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज गुरुवार को धनबाद जिले के रणधीर वर्मा स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे से परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। एक अन्य खबर के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को दोपहर 3 बजे गुमला के सिसई स्थित थाना मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। वे शाम 5 बजे गुमला में रोड शो भी करेंगे।

### मलेशिया में झारखंड के 70 श्रमिक फंसे

**गिरिडीह।** राज्य के प्रवासी मजदूरों का विदेश में फंसने का सिलसिला खत्म नहीं हो रहा है। एक बार फिर मलेशिया में झारखंड के 70 मजदूर के फंसे होने का मामला सामने आया है। मलेशिया में फंसे मजदूर झारखंड के गिरिडीह, हजारीबाग, बोकारो और धनबाद जिले के रहने वाले हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो शेयर कर हेमंत सोरेन सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है।

### आज से कोल्हान में मंइयां सम्मान यात्रा

**रांची।** पलामू प्रमंडल के गढ़वा से शुरू हुई मंइयां सम्मान यात्रा का बुधवार को पलामू प्रमंडल में पहला चरण समाप्त हो गया। अब इस यात्रा का दूसरा चरण गुरुवार से कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा से शुरू होगा। पलामू में मंईयां सम्मान यात्रा में शामिल महिलाओं की भीड़ को झामुमो ने स्वतः स्फूर्त बताया। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि जिस तरह से मंईयां सम्मान यात्रा को जनसमर्थन मिल रहा है उससे साफ है कि राज्य में दोबारा हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 93000 रु./प्रति किलो |




सीएम ने भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में ऑनलाइन हिस्सा लिया

# बाहरी लोग माहौल खराब करेंगे उनसे सावधान रहें : हेमंत सोरेन

- झारखंड के लोगों को खनिज संपदाओं का नहीं मिला लाभ
- 311.84 करोड़ रुपये की 264 योजनाओं का शिलान्यास और ऑनलाइन किया उद्घाटन।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज के भोगनाडीह में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के चौथे चरण का समापन हो गया। समापन समारोह को सीएम हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची से ही ऑनलाइन संबोधित किया और भाजपा पर खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ बाहरी लोग पैसा कौड़ी, हड़िया दारू लेकर झारखंड में घुसेंगे और झारखंड का माहौल खराब करने की साजिश करेंगे। आरएसएस के लोग समाज को तोड़ने का प्रयास करेंगे। सीएम ने कहा कि ऐसे समय में ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरुरत है।

**डेमोग्राफी के नाम पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश :** सीएम ने कहा कि इन दिनों डेमोग्राफी की खूब बात हो रही है, लेकिन सच यह है कि झारखंड की डेमोग्राफी में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लेकिन भाजपा के लोग फिर भी घुसपैठियों की बात करेंगे। अगर हम नहीं लड़ेंगे तो ये हमें अंग्रेजो की तरह यहां-वहां फेंक देंगे।



### महिला सशक्तिकरण और रोजगार प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि राज्य की आधी आबादी विभिन्न योजनाओं से जोड़कर सशक्त बनायेगी। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की गई है। पिछले 20 वर्षों में महिला स्वयं सहायता समूह को मात्र ₹600 करोड़ का फंड दिया गया था जिससे उनका अपेक्षित विकास संभव नहीं हो पाया, लेकिन उनकी सरकार ने पिछले 4 वर्षों में ₹10 हजार करोड़ की राशि का फंड महिला स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराया।

**रोजगार देने में भी सरकार रही आगे :** सीएम ने कहा कि रोजगार और नौकरी उपलब्ध कराने की दिशा में भी राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत रही है। डेढ़ से दो लाख लोगों को निजी क्षेत्र में नियुक्त किया। वहीं अलग-अलग चरणों में हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्तियां भी की। उन्होंने कहा कि लगभग 40 से 50 हजार नियुक्तियों का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत युवा वर्ग को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां की खनिज संपदाओं का पूरा लाभ राज्य के लोगों को आज तक नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने 11 लाख हरा राशन कार्ड को रद्द कर दिया था लेकिन झामुमो की सरकार बनते ही 20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड जारी किया गया। उनकी सरकार राज्य में सभी को रोटी, कपड़ा व मकान उपलब्ध करा रही है। राज्य सरकार ने सरना धर्मकोड विधायक पारित कर केंद्र को भेजा, परंतु दुर्भाग्य है कि केंद्र ने हमारे इस महत्वपूर्ण विधेयक पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

### पीएम को सीएम का पत्र

## ...और कुछ नहीं मांगते हमारा बकाया ही दे दें

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि हमारी मांग सिर्फ न्याय की है, विशेषाधिकार की नहीं। झारखंड के लोगों ने अपने राज्य के लिए लंबा संघर्ष किया है और अब हम चाहते हैं कि हमारे संसाधनों एवं अधिकारों का उचित उपयोग हो। उन्होंने कहा कि झारखंडियों का हक मांगों तो ये जेल डाल देते हैं, पर हमें अपने हक के लिए हर कुबार्नी मंजूर है। उन्होंने कहा कि हम अन्य राज्यों की तरह विशेष दर्जा नहीं मांग रहे, न ही हम केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा मांग रहे हैं। हमें बस हमारा हक दे दीजिये। हम बकाया के 1 लाख 36 हजार करोड़ से झारखंड को विकास के नये पथ पर ले जायेंगे। ऐसा विकास जो हमारे पर्यावरण, आदिवासी-मूलवासी एवं हर एक झारखंडी समुदायों के हितों की रक्षा करे। उन्होंने आगे लिखा कि हमारे हक पर केंद्र सरकार जल्द फैसला ले। झारखंड के विकास में बाधा न बने।

## सरफराज अहमद बने झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष



**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष चुने गये हैं। अध्यक्ष पद के लिए स्थानीय हज हाउस में हुए चुनाव में सरफराज अहमद ने एक वोट से अपने निकटम प्रतिद्वंदी अबरार अहमद को शिकस्त दी। सरफराज को कुल पांच वोट मिले, जबकि अबरार को चार वोट मिले। बताते चलें कि डॉ सरफराज अहमद वर्ष 2019 में झामुमो के टिकट पर गांडेय सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। बाद में उन्होंने इस सीट को छोड़ दिया। इसके बाद इस सीट पर उपचुनाव में कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की। बता दें कि झारखंड सरकार ने साढ़े चार साल बाद सुन्नी वक्फ बोर्ड का गठन किया है।

मंइयां सम्मान यात्रा में कल्पना सोरेन ने कहा

## हेमंत को जेल भेजने वालों को सबक सिखाने का यही मौका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** मंईयां सम्मान यात्रा बुधवार को लातेहार पहुंची। इस मौके पर गांडेय विधायक सह सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधा। श्रीमति सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को जेल भेजने वालों को सबक सिखाने का समय आ गया है। साजिश करनेवालों को झारखंड से बाहर भेज देना है। दरअसल मंइयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम के तहत मंत्री बेबी देवी और दीपिका सिंह पांडे के साथ कल्पना सोरेन भ्रमण पर निकली हैं।

लातेहार में कल्पना ने कहा कि मंइयां सम्मान योजना के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड की बेटियों, बहनों और माताओं को सम्मान दे रहे हैं। हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास के लिए जो कार्य किया है वह अपने आप में मिसाल है, पर कुछ बहुरूपिए इस समय झारखंड का दौरा कर आप लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं और झारखंड के विकास बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। कार्यक्रम में मंत्री बेबी देवी, बैद्यनाथ राम और दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड में ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां बेटियों को जन्म से लेकर बुढ़ापे तक किसी न किसी रूप से सरकारी योजना का लाभ मिलेगा।



## सेवानिवृत्ति और पेंशन लाभ दे सरकार : कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है कि समायोजन में देरी को सेवानिवृत्ति लाभ भुगतान नहीं करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने सरकार को सभी प्रार्थियों को सेवानिवृत्ति और बकाया वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता सौरभ शेखर और अनुराग कुमार ने कोर्ट को बताया कि 2019 में प्रार्थी का नाम समायोजन के लिए अनुशंसित किया गया। वर्ष 2020 में समायोजन के आदेश से पूर्व वे सेवानिवृत्त हो गए और समायोजन के अभाव में उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया गया। सरकार की ओर से देरी का प्रभाव प्रार्थियों की सेवानिवृत्ति लाभ पर नहीं पड़ना चाहिए। वहीं सरकार की ओर से कहा गया कि बिना समायोजन के पेंशन देना उचित नहीं है, इसलिए, उन्हें सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि सरकार की गलती से समायोजन में नहीं हुआ। इसका प्रभाव पीड़ित पक्ष पर नहीं पड़ना चाहिए।

सिमडेगा, पलामू और सरायकेला में परिवर्तन यात्रा आयोजित

## केंद्रीय योजनाएं लागू नहीं कर रही राज्य सरकार: विष्णुदेव साय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/कुरडेग।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को सिमडेगा के कुरडेग में आयोजित परिवर्तन महासभा में शामिल हुये। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि झारखंड में परिवर्तन होकर रहेगा। उन्होंने गठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां लूटने वाली सरकार है। यह शर्म की बात है कि हेमंत सोरेन भ्रष्ट्राचार के आरोप में जेल गये। अभी वे जमानत में हैं। कांग्रेसी नेताओं के घर से 300 करोड़ रुपया मिला। उन्होंने कहा कि सरकार बदलना है और भाजपा की सरकार बनानी है।



उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने केंद्र की योजनाओं का जिक्र करते हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, जेएमएम के भ्रष्ट्राचार के कारण राज्य में हर परीक्षा पेपर लीक हो रही है। अगर राज्य में डबल इंजन की सरकार बनेगी तो निश्चित रुप से इन समस्याओं के समाधान के साथ राज्य का विकास होगा।

### जनता की इच्छा है राज्य की बागडोर संभालूं : अर्जुन

**रांची/सरायकेला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दावा किया कि झारखंड में जनता ने अब बदलाव का मन बना लिया है। वे बुधवार को सरायकेला में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड को सवांरने का काम भी भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कांग्रेस की सरकार पर आदिवासियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के कारण 17 युवाओं की मृत्यु हो गयी। श्री मुंडा ने कहा कि जनता चाहती है कि मैं दोबारा राज्य की बागडोर संभालूं। हालांकि यह तय पार्टी आलाकमान करेगी।

### आदिवासियों का हित नहीं चाहती हेमंत सरकार : रवि



**रांची/पांकी।** भोजपुरी स्टार और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि हिन्दूओं को एकजुट होकर वोट करना चाहिये। श्री किशन बुधवार को पांकी और बालूमाथ में परिवर्तन यात्रा को संबोधित कर रहे थे। रवि किशन ने वर्तमान की झारखंड सरकार पर निशाना साधा और कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार जिहादियों का पोषक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी तभी आदिवासी और अन्य लोग सुरक्षित होंगे। सांसद ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की कमी नहीं है लेकिन वर्तमान में राज कर रहे लोगों ने लूट की गंगा बहा दी है। परिवर्तन यात्रा राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को बैठाया।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारियों के खिलाग गाज गिराया है। जामताड़ा स्थित नाला के तत्कालीन बीडीओ सह सीओ शिवाजी भगत को निलंबित कर दिया है। वहीं अजय कुमार तिर्की, तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी-सह- अवर निबंधक, नगर उंटारी, गढ़वा के विरूद्ध झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2016 के तहत विभागीय कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इसे लेकर कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

## जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने चीफ जस्टिस पद की ली शपथ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ ली। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। राज्यपाल और सीएम हेमंत सोरेन ने मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण के बाद बधाई दी। मौके पर विस अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, रास सांसद महुआ माजी, महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के कई पदाधिकारी समेत भारतीय प्रशासनिक और पुलिस सेवा के वरीय अधिकारी मौजूद थे।




गोंदुलपारा खनन परियोजना में रैयतों को मिलेंगे करीब ₹25 लाख प्रति एकड़

# झारखंड में जल्द खुलेगी एक और कोयला खदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव/हजारीबाग।** जिले में गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत सेक्शन-19 लगाये जाने की प्रक्रिया पूरी हो गयी है, जो खनन शुरू होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कदम से झारखंड में एक और खदान खुलने का रास्ता साफ हो गया है। इसके तहत मुआवजे की राशि प्रति एकड़ 24,56,986 रुपये होगी। इसके अलावा स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस परियोजना से जिले और राज्य सरकार को लगभग 500 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का राजस्व भी मिलेगा। परियोजना से प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए चंदौल गांव में 161.99 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है। इसके लिए हजारीबाग समाहरणालय में रैयतों को मुआवजे के रूप में दी जाने वाली 478 करोड़ रुपये की राशि जमा कर दी गयी है।

### देश की ऊर्जा जरूरत में झारखंड की भूमिका अहम

झारखंड में 199 कोयला खदानें सालाना 15.6 करोड़ टन कोयले का उत्पादन कर देश की ऊर्जा जरूरतों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। देश में निरंतर और किफायती बिजली की जरूरत के लिए कोयला खनन शुरू होना आवश्यक है। इसके साथ ही खनन आधारित अर्थतन्त्र वाले राज्य में एक और खनन परियोजना शुरू होने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**गोंदुलपारा परियोजना के तहत जमीन अधिग्रहण**

- बलोदर में 91.35 एकड़
- गोंदुलपारा 285.715 एकड़
- गाली में 175.45 एकड़

**मिलेंगे रोजगार के अवसर :** विस्थापित होने वाले परिवारों को रोजगार के भी अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसके तहत प्रभावित परिवार अपनी प्राथमिकता के अनुसार रोजगार, मुआवजा और प्रति महीने भुगतान में से एक को चुन सकते हैं। प्रभावित परिवारों और प्रशासन के साथ परामर्श कर नियमानुसार तय मुआवजे की रूपरेखा प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण के बाद उनकी योग्यता एवं कंपनी की अनुसार नौकरी का प्रावधान है। इसके बदले प्रभावित परिवार एक मुश्त पांच लाख रुपये ले सकते हैं या फिर 20 वर्षों तक दो हजार रुपये प्रतिमाह का चयन कर सकते हैं।

### जमीन के बदले क्या मिलेगा ?

1. रैयतों को प्रति एकड़ भूमि के मुआवजा के रूप में 24,56,986 रुपए (गुणाक घटक-2, सांत्वना राशि 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) दिए जाएंगे।
2. भूमि पर परिसंपतियों का भी मुआवजा मिलगा। इसके लिए राज्य सरकार का संबंधित विभाग उन सम्पत्तियों का मूल्यांकन करेगा, जिसके बाद उस राशि का दुगुना मुआवजा के रूप में दिया जायेगा।

### विस्थापित परिवारों को तीन विकल्पों का मिलेगा लाभ

- पहले विकल्प के तहत 10 लाख रुपये प्रति परिवार मिलेगा, जिससे वे खुद कहीं और निवास करने जा सकते हैं। नियमानुसार, प्रति परिवार में पति, पत्नी और उनके अवयस्क बच्चे शामिल होंगे। इसके अलावा परिवार में अगर 18 साल से ऊपर विवाहित या अविवाहित व्यक्ति हैं, तो उन्हें एक परिवार के रूप में माना जायेगा।
- दूसरे विकल्प के तहत पुनर्वास कॉलोनी में बना बनाया नया मकान दिया जायेगा।
- तीसरे विकल्प के तहत पुनर्वास कॉलोनी में जमीन का एक प्लॉट दिया जायेगा और पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले सात लाख रुपए दिये जायेंगे।

### जीवन-यापन समेत अन्य कार्यों के लिए भी मिलेंगे रुपये

- विस्थापित रैयत को एक वर्ष की अवधि तक जीवन यापन के लिए अनुदान के रूप में हर महीने तीन हजार रुपये मिलेंगे।
- विस्थापन के दौरान पुनर्वास भत्ते के रूप में 50 हजार रुपये, परिवहन खर्च के तहत ₹50 हजार और पशुबाड़ा के लिए भी अलग से 35 हजार रुपए प्रति परिवार दिया जायेगा।
- कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार को ₹25 हजार की एकमुश्त वित्तीय सहायता मिलेगी।
- प्रभावित परिवारों को आवंटित जमीन या मकान के निबंधन के लिए स्टांप शुल्क और अन्य शुल्क खननकर्ता की ओर से दिये जायेंगे।

## कंप्यूटर ऑपरेटर संघ वेतन विसंगति को लेकर मंत्री से मिला

रांची। झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की राज्य स्तरीय कमेटी द्वारा वेतन विसंगति एवं अन्य मांगों को लेकर मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मिला। कर्मियों ने समान काम के बदले समान वेतन का हवाला देते हुए पूर्व की भांति वित्त विभाग द्वारा निर्धारित मासिक परिलब्धि ही आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर को भी भुगतान करने के लिये मंत्री से अनुरोध किया गया। मंत्री डॉ इरफान अंसारी द्वारा सभी आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर को आश्वस्त किया गया कि इस बिंदु पर मुख्यमंत्री से बात कर इस वेतन विसंगति को दूर करते हुए पुनः समान काम के बदले समान वेतन के तर्ज पर सभी को भुगतान किया जाएगा।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/सिमडेगा/07/2024–25
दिनांक–24.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सिमडेगा–सेवई–किनकेल–कुरडेग–कुटुनाकछार छत्तीसगढ़ सीमा तक पथ के कि.मी. 2,3,4,5,6,51,52,53,54,55,62 एवं 63 में को छोड़कर कि.मी. 0.00 से 63.20 में साधारण मरम्मति कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | 155.00 लाख (एक करोड़ पचपन लाख) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| 4. | बेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.10.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से। |
| 5. | ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 14.10.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15.10.2024 को अपराह्न 12.30 बजे तक। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा–835223 |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358–16924 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

नोट :– 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
2. विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।
5. पथ प्रमण्डल, सिमडेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 गैर–योगना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदकों को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी"।

कार्यपालक अभियंता
PR 337041 (Simdega)24-25*D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा


# राज्य की 46,031 सहियाओं को मिलेगी हर माह दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि

- प्रोत्साहन राशि 108.34 करोड़ स्वीकृत, आदेश जारी
- 46,031 सहिया, बीटीटी और एसटीटी को मिलेगा लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के राज्य के 46,031 सहियाओं को अब, हर महीने दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 108.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सहिया साथी, प्रखंड प्रशिक्षक दल (बीटीटी) और राज्य प्रशिक्षक दल (एसटीटी) को अब बढ़ी हुई प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 108.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसका लाभ 46,031 सहिया, बीटीटी और एसटीटी को मिलेगा।



**सहिया पर खर्च होगा 103.11 करोड़**

राज्य सरकार सहिया की प्रोत्साहन राशि पर 103.11 करोड़ रुपये खर्च करेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में सहिया की संख्या 39,964 है, जबकि शहरी इलाकों में इनकी संख्या 3,000 है। इन्हें प्रतिमाह दो हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

**सहिया साथी पर खर्च होंगे 3.48 करोड़**

सहिया साथी की प्रोत्साहन राशि पर राज्य सरकार 3.48 करोड़ रुपये खर्च करेगी। ग्रामीण क्षेत्र में सहिया साथी की संख्या 2295 है, जबकि शहरी इलाके में इनकी संख्या 125 है। इन्हें 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इसी तरह बीटीटी को 80 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। राज्य में इनकी कुल संख्या 699 है। इनके प्रोत्साहन राशि पर राज्य सरकार 1.61 करोड़ रुपये खर्च करेगी। वहीं एसटीटी की प्रोत्साहन राशि पर 13.82 लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। राज्य में इनकी संख्या 48 है। इन्हें 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

# झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस के दादा-पिता भी रह चुके हैं जज

- हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस थे राव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव इससे पहले हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस थे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 11 जुलाई को उनके ट्रांसफर की सिफारिश की थी। जस्टिस राव का जन्म सात अगस्त 1966 को हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय से बीएससी गणित (ऑनर्स) की पढ़ाई की। इसके बाद वर्ष 1989 में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लॉ, उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से एलएलबी पास किया। जस्टिस राव एलएलबी के अंतिम वर्ष में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित हुए। वर्ष 1991 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूके से एलएलएम की डिग्री प्राप्त की। जस्टिस राव को 29 जून 2012 को आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद स्थायी न्यायाधीश बने। इन्होंने तेलंगाना हाइकोर्ट, पंजाब व हरियाणा हाइकोर्ट में भी अपनी सेवा दी है। पदोन्नति मिलने के बाद 30 मई 2023 को जस्टिस राव को हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया। जस्टिस राव के पिता जस्टिस एम जगन्नाथ राव भारत सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और भारत के विधि आयोग के पूर्व अध्यक्ष थे। जस्टिस राव के दादा भी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

## विधायक ने पीसीसी पथ व नाली का किया शिलान्यास

रांची। बुधवार को डोरण्डा के फिरदौस नगर रोड नंबर 2 का पीसीसी पथ व नाली का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने किया। इस अवसर पर नि. पार्षद जमीला खातून मुख्य रूप से उपस्थित थीं। मौके पर श्री जायसवाल का माला पहना कर स्वागत किया गया। सड़क व नाली के शिलान्यास होने से मुहल्ले वासियों में खुशी की लहर है। सड़क काफी जर्जर स्थिति मे है। इससे हमेशा दुर्घटना होती थी।

## सीजीएल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले की सीबीआइ जांच को ले कर याचिका दायर

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की इस वर्ष जनवरी में हुई स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीजीएल) के पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। आर कुमार ने याचिका दायर कर अदालत से पेपर लीक मामले की सीबीआई या न्यायिक जांच कराने का आग्रह किया है। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि 28 जनवरी 2024 को हुई परीक्षा के पेपर लीक के मामले में पुलिस और एसआईटी जांच अब तक सार्वजनिक नहीं की गयी है और न ही जांच में सभी तथ्य सामने आए हैं। 28 जनवरी को आयोजित परीक्षा का पेपर लीक हो गया था। इसके बाद आयोग ने पहले थर्ड पेपर यानी सामान्य ज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी थी। अभ्यर्थियों के हंगामे के बाद आयोग को तीनों पत्रों की परीक्षा रद्द करनी पड़ी थी। एसएससी-सीजीएल की इस परीक्षा के जरिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 2025 पदों पर नियुक्ति की जानी थी। इसके लिए साढ़े छह लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। रांची पुलिस की एसआईटी ने पेपर लीक के इस केस में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम और उनके दो बेटों को फरवरी महीने में ही गिरफ्तार किया था। इनके पास से कई अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड, कई नामों वाले ब्लैंक चेक और कुछ मोबाइल बरामद किए गए थे।

# मलेशिया में फंसे मजदूरों की वतन वापसी को लेकर आगे आये सांसद सीपी चौधरी

- विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से जरूरी कदम उठाने का किया है आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मलेशिया में फंसे झारखंड के 60 मजदूरों को भारत वापस लाने के लिए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। विदेश मंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि झारखंड के 60 मजदूर मलेशिया में रोजगार करने गए हैं, लेकिन वहां मजदूरों को पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। भोजन के भी लाले पड़े हैं। मजदूरों की स्थिति दयनीय हो गयी है।



**अनुबंध पर मजदूर गए थे**

मलेशिया : मजदूरों को लीड मास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन एसडीएन बीएचओ, कंपनी द्वारा अनुबंध पर काम करने के लिए मलेशिया ले जाया गया था। मजदूरों की स्थिति ऐसी हो गई है कि उनके पास ना तो हवाई यात्रा के पैसे हैं और ना ही भोजन-पानी के साधन। वहां फंसे मजदूर बोकारो, हजारीबाग, धनबाद व गिरिडीह जिला के रहने वाले हैं। मजदूरों के परिजन भारत वापसी को लेकर चिंतित हैं। परिजनों ने अपनी चिंता जाहिर की है। सीपी चौधरी ने विदेश मंत्री को फंसे हुए मजदूरों का पूरी जानकारी दी है। साथ ही विदेश मंत्री को मोबाइल व व्हाट्सएप नंबर भी सौंपा है। फंसे मजदूरों में उमेश महतो, चिंतामण महतो, योगेंद्र यादव, सुरेश बेसरा, परवेज आलम, अर्जुन तुरी, महेश महतो, विनोद कुमार, सोहन मरांडी, दिलीप कुमार तुरी, वीरेंद्र महतो, दर्शनाथ तुरी, कुलदीप महतो, प्रेम महतो, महावीर महतो, दिनेश्वर महतो, चुन्नीलाल महतो, कुलदीप महतो, चेतलाल महतो, नेपाली कुमार सिंह, नंदलाल महतो, ईश्वर महतो, राहुल भरतीया, कृष्ण देव महतो, चिंतामणि महतो व मुकेश महतो आदि शामिल हैं।


### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– 10/2024-25/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :– 24.09.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/DMF T/01/2024-25 | बड़कागाँव | ग्राम पकरी बरवाडीह में दिनेश साव के घर से देवी मण्डप होते हुए हेठगढ़ा सामुदायिक भवन तक पथ निर्माण कार्य (लं0–0.400 कि0मी0) पार्ट–बी | 68,02,100/- | अड़सठ लाख दो हजार एक सौ | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–28.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–04.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–05.10.2024 अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546–265286।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग
PR 336910 Rural Work Department(24-25).D



### झारखण्ड सरकार
### खान एवं भूतत्व विभाग, भूतत्व निदेशालय
### अभियंत्रण छात्रावास–2, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची

**शुद्धि पत्र**

निविदा संख्या–01/2024–25 भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद महिन्द्रा बोलेरो नियो** वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों के विषय से संबंधित प्रकाशित सूचना दिनांक 07.09.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में PR No-334828 के माध्यम से प्रकाशित हुई थी। उक्त निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि को दिनांक 07.10.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक विस्तार किया जाता है।
➤ शेष निविदा के नियम एवं शर्तें यथावत् रहेगें।

ह0/–
निदेशक, भूतत्व
झारखण्ड, राँची
PR 337086 (Mines and Geology) 24-25 (D)


# कदाचारमुक्त रही जेएसएससी सीजीएल परीक्षा क्वेश्चन में लगा था क्यूआर कोड : प्रशांत कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पर उठ रहे सवाल पर झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने अपनी बात रखी है। बुधवार को मीडिया से बातचीत में प्रशांत कुमार ने कहा कि पूरी परीक्षा कदाचार मुक्त हुई है। पहली बार परीक्षा में क्वेश्चन पेपर की डिजिटल कोडिंग की हुई है। हर क्वेश्चन पेपर के उपरी हिस्से में क्यूआर कोड लगाया गया था। किसी तरह का कदाचार न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा केंद्रों में 9217 जैमर और 15236 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए थे। बताते चलें कि परीक्षा 21 और 22 सितंबर को ली गई थी।

**26 को जारी होगा सवालों का जवाब**

प्रशांत कुमार ने बताया कि क्वेश्चन पेपर का जवाब 26 सितंबर को जारी कर दिया जाएगा। आयोग के ऑफिस में ही गुरुवार से सीसीटीवी की निगरानी में ओएमआर सीट की स्कैनिंग शुरू कर दी जाएगी। आयोग जल्द से जल्द परिणाम घोषित करेगा। बताते चलें कि इस परीक्षा में छह लाख 39 हजार 900 अभ्यर्थियों के आवेदन वैध पाए गए थे, जिसमें तीन लाख चार हजार 769 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/12/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा जिला के प्रखण्ड टण्डवा, पंचायत टण्डवा बाजार टाँड़ में (बड़की नदी) गेरूवा नदी पर पुल निर्माण। | 6,45,87,900.00 | 12,92,000.00 | 10,000.00 | 24 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –27.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–27.09.2024 से दिनांक–04.10.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 07.10.2024 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
चतरा।
PR 337039 Rural Development(24-25)D



### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(सामान्य शाखा)

**शुद्धि पत्र**

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P.(S) No- 4362/2022 भगवान महतो –बनाम–झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या–2032 दिनांक–07.04.2015, अधिसूचना संख्या–4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अ०स०प० संख्या–17/कोर्ट केस–10/2019 536, दिनांक–29.01.2020 के आलोक में दिनांक–23.07.2018 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में विज्ञापन संख्या–01/2023 चौकीदार संवर्ग नियुक्ति परीक्षा हेतु गुमला जिले में ग्रामीण चौकीदार के कुल–226 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा दिनांक–18.08.2024 को निर्धारित था। लिखित परीक्षा के उपरान्त दिनांक–12.09.2024 को औपबंधिक सूची PR 335658 District(24-25)#D द्वारा अखबार में प्रकाशित की गई थी, एवं शारीरिक परीक्षा हेतु दौड़ की तिथि दिनांक–27.09.2024 से 30.09.2024 तक निर्धारित था। लेकिन W.P.(S) No-5038/2024 SANU MAHTO & Anr. एवं झारखण्ड राज्य सरकार के मामले में माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड के निर्णय के आलोक में शारिरिक परीक्षा की तिथि को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है, एवं माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड के निर्देशों के उपरान्त पुनः तिथि की घोषणा स्थानीय अखबार के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा, गुमला
PR 337029 District (24-25)_D


# झारखंड के सामाजिक आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखकर बनायें घोषणा पत्र : केशव महतो कमलेश




खबर मन्त्र ब्यूरो

- झारखंड प्रदेश कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक में कमेटी के लिए सलाहकार समिति गठित

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक बुधवार को कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की की अध्यक्षता में हुई। इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उपस्थित सदस्यों को घोषणा पत्र के संबंध में विभिन्न विषयों पर विशेष रूप से निर्देश देते हुए झारखंड के सामाजिक आर्थिक पहलुओं को ध्यान में रखकर तथा विस्तृत अध्ययन के पश्चात ही घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। मौके पर मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड के सभी जिला और प्रखंडों में घूम कर वहां के लोगों से मिलकर उनकी राय जानकर ही घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा। कांग्रेस का घोषणा पत्र हमेशा से आम जनता का घोषणा पत्र रहा है। घोषणा पत्र जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जाएगा और सरकार बनते ही पूरी तरह से लागू किया जाएगा। हमारे नेता राहुल गांधी की भी यही सोच है कि जो भी चीजें घोषणा पत्र में शामिल करें, उस पर खूब मंथन करें, ताकि सरकार में आकर उसे बखूबी लागू कर सकें। मेनिफेस्टो कमेटी युवा, महिला, किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग, समानवर्ग के बीच जाकर उनसे संवाद करेगी, उनसे राय लेगी, उनकी राय का अध्ययन कर फिर हम लोग घोषणा पत्र में शामिल करेंगे।

**सर्वसम्मति से बनी ड्राफ्टिंग कमेटी**

बंधु तिर्की ने कहा कि मेनिफेस्टो कमेटी के सफल संचालन के लिए उप समितियों के गठन का निर्णय लिया गया है, ताकि सभी वर्ग में जाकर सुझाव लेने में आसानी हो सके। बैठक में सर्वसम्मति से ड्राफ्टिंग कमेटी बनाई गई, जिसमें कमेटी के सलाहकार अनादि ब्रह्म होंगे और अशोक चौधरी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, ड्राफ्टिंग कमेटी में होंगे। कांग्रेस घोषणापत्र परामर्श कमेटी के लिए अजय नाथ शाहदेव, डॉ एम तौसीफ, सतीश पॉल मुंजनी को रखा गया है। सभी सदस्यों ने घोषणा पत्र बेहतर तैयार करने के लिए अपना सुझाव दिया। सभी सदस्यों की राय थी कि जो घोषणा पत्र तैयार किया जाए। वह जनता का घोषणा पत्र हो और जनता से ली गई राय इसमें शामिल की जाये। जिस तरह से भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री सहित अन्य नेता यहां आकर घुसपैठियों के नाम पर राज्य के माहौल को बिगाड़ कर ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं, उससे जनता के बीच में काफी रोष है। बैठक में मुख्य रूप से शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, मंत्री बन्ना गुप्ता, अनादि ब्रह्म, प्रदीप यादव, देवेंद्र नाथ चांपिया, अशोक चौधरी, डॉ एम तौसीफ, बद्री राम, अजय नाथ शाहदेव, सतीश पॉल मुंजिनी, चंचल चटर्जी, जगदीश साहू, रवींद्र झा, लाल किशोर नाथ शाहदेव आदि शामिल थे।


### कार्यपालक अभियंता कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना/2024–25**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि : दिनांक 30.09.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 01.10.2024 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण, छात्रावास नं0–2 धुर्वा, राँची, झारखण्ड।
: (ii) अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची।
: (iii) कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान : क्रमांक 5(पाँच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्यो की विवरणी :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घाघरा–नेतरहाट पथ के घाटी क्षेत्र में कि0 मी0 38 से 47.00 तक में सड़क सुरक्षा एवं क्रैश बैरियर अधिष्ठापन कार्य। | 15.00 | 30000.00 | 5000.00 | 2 Months |
| 2 | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल गुमला के कार्यालय भवन का साधारण मरम्मति एवं साज–सज्जा कार्य। (फर्निशिंग कार्य सहित) | 20.00 | 40000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 3 | कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल गुमला के कार्यालय परिसर में शेड एवं चहारदिवारी का मरम्मति कार्य। | 10.00 | 20000.00 | 1250.00 | 3 Months |

नोट– (1) निविदा आमंत्रण की सूचना एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है, जिसका अनुपालन अनिवार्य है।
(2) प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
(3) परिमाण विपत्र का मूल्य **भारतीय स्टेट बैंक** द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा एवं बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल गुमला के पदनाम से हो।
(4) पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
(5) PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
(6) वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 गैर योजना मद अंतर्गत अपूर्ण कार्य करने वाले संवेदक को निविदा प्रकिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल, गुमला
PR 336900 Road (24-25)_D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा
06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. : RCD/KODERMA/1007/2024 दिनांक:-24.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, कोडरमा अन्तर्गत बागीटांड़– लोकाई पथ का साधारण मम्मति कार्य" वित्तीय वर्ष 2023–24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि | Rs. 75,00,000.00 (पचहत्तर लाख रूपये) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि | Rs. 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये) मात्र। |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00(दस हजार रूपये) मात्र। |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 (दो) माह। |
| 6. | बेवसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि। | 27.09.2024, 10:30 बजे से। |
| 7. | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि | 04.10.2024, 12.00 बजे तक। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि | 07.10.2024, 12.30 बजे तक। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 10. | हेल्प लाइन नं0 | 0651-2446002 |

पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिये UCAN निबंधन आवश्यक है।
प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा
PR 336941 Road(24-25)#D

### चेन स्नेचिंग की वारदात से रांची पुलिस परेशान, आइजी ने थानेदारों की लगायी क्लास, कहा

# चेन छिनतई की वारदत हर हाल में शीघ्र रोकें

- एसओपी के तहत सभी थानेदारों को काम करने के दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** राजधानी रांची में स्नैचिंग की बढ़ती वारदातों को लेकर रांची पुलिस परेशान है। बुधवार को आइजी अखिलेश झा ने थानेदारों की जमकर क्लास लगायी। आइजी अखिलेश झा ने स्नैचर्स पर नकेल कसने को लेकर बनायी गई एसओपी के तहत सभी थानेदारों को काम करने का निर्देश दिया है, ताकि स्नैचिंग की वारदातों पर विराम लग सके।

**हर दूसरे दिन हो रही छिनतई :** राजधानी रांची में हर दूसरे दिन किसी न किसी से चेन की स्नैचिंग होती है। स्नैचिंग की वारदातों को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने भी नाराजगी जताई थी। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए अब रांची आइजी खुद स्नैचिंग की वारदातों का रिव्यू किया।

**थानेदारों को दिया गया टास्क :** रांची आइजी ने रांची डीआइजी, एसएसपी, सिटी एसपी समेत शहर के सभी थानेदारों के साथ समीक्षा बैठक कर चेन स्नैचिंग की वारदातों पर हर हाल में ब्रेक लगाने का निर्देश दिया है।

**हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस रेस :** दरअसल, रांची जिले में हो रही स्नैचिंग की वारदात से हर कोई हलकान है। महिलाओं के साथ अब पुरुष भी स्नैचरों के निशाने पर हैं। मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने भी अपनी चिंता जाहिर की थी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद रांची जिले के वरीय पुलिस अधिकारी इस मामले पर गंभीर नजर आये। समीक्षा के दौरान आईजी ने थाना वार यह जाना कि किस थाना क्षेत्र में कितनी छिनतई की वारदातें हुई हैं, कितने कांडों में गिरफ्तारी हुई है, कितने स्नैचर्स को चिन्हित किया गया जो लगातार घटनाओं में शामिल रहे हैं।

**एसओपी बनायी गई :** स्नैचिंग पर नकेल कसने को लेकर पुलिस अधिकारियों ने एक एसओपी भी बनायी है। जिसमें जेल में बंद कैदियों से सीसीटीवी में कैद हुए स्नैचरों की पहचान करायी जा रही है, तो वहीं इस मामले में हिस्ट्रीशीटर की सूची तैयार की गई है। इसके साथ ही अनुसंधान को लेकर कैसे कार्य करना है इसकी जानकारी थानेदारों को दी गई है। बहरहाल, स्नैचिंग की वारदातों पर नकेल कसने को लेकर विशेष प्लानिंग और रणनीति तैयार की गई है।

**किस माह में कितनी चेन की छिनतई**

| | |
|---|---|
| फरवरी 2024 माह में 11 स्नैचिंग | जून 2024 माह में 15 स्नैचिंग |
| मार्च 2024 माह में 19 स्नैचिंग | जुलाई 2024 माह में 17 स्नैचिंग |
| अप्रैल 2024 माह में 15 स्नैचिंग | अगस्त 2024 माह में 10 स्नैचिंग |
| मई 2024 माह में 12 स्नैचिंग | सितंबर 2024 में अबतक 15 स्नैचिंग |

## तख्त बदल दो-ताज बदल दो, बेईमानों का राज बदल दो : संजय सेठ

- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार किसान और महिला विरोधी, इनके वादे सिर्फ खोखले साबित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/सिमडेगा।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कहा तख्त बदल दो-ताज बदल दो, बेईमानों का राज बदल दो। श्री सेठ बुधवार को सिमडेगा में परिवर्त्तन यात्रा में बोल रहे थे। उन्होंने हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने अपना चुनावी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी जो बोलते हैं, वह करते हैं। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को जहरीली धुआं से निजात मिला। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसान, महिला विरोधी सरकार है। रघुवर दास की सरकार का जिक्र करते हुये कहा कि एक रुपये में 50 लाख की रजिस्ट्री यह हमारी योजना थी। अब जनता के पास सत्ता परिवर्तन ही एकमात्र विकल्प है।

# कूड़े के पहाड़ को ग्रीन लैंड के रूप में तब्दील करना है : हफीजुल हसन

- झिरी डंप यार्ड के लेगेसी वेस्ट के निस्तारण प्रक्रिया में तेजी लायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य सरकार की पहल पर रांची शहर के रिंग रोड स्थित झिरी में दो बड़ी योजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें पहला गेल इंडिया द्वारा 150 मेट्रिक टन के दो बायोगैस प्लांट का निर्माण तथा दूसरा लगभग 33 एकड़ में डंप 18 लाख मीट्रिक टन लिगेसी वेस्ट का निष्पादन कार्य किया जा रहा है। बुधवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री हफीजुल हसन तथा नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह ने झिरी में चल रही दोनों योजनाओं की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान लेगेसी वेस्ट के निष्पादन के लिए चयनित कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में लगभग 35 हजार मैट्रिक टन कूड़े का निष्पादन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बायोरेमेडिएशन तकनीक के माध्यम से लेगेसी वेस्ट का निस्तारण करते हुए रिफ्यूज्ड डेराइव्ड फ्यूल एवं बायो सॉयल तैयार किया जाएगा। मौके पर मंत्री द्वारा लेगेसी वेस्ट के निस्तारण प्रक्रिया में गति लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ससमय कार्य पूर्ण होने पर यह एक मील का पत्थर साबित होगा और भविष्य में यह कूड़े के पहाड़ को एक ग्रीन लैंड के रूप में तब्दील भी होते दिखेगा। मौके पर प्रशासक ने चयनित एजेंसी के प्रतिनिधियों को कार्य में गति लाने के लिए मशीनरी बढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि कूड़े के निस्तारण प्रक्रिया के टारगेट को पूरा किया जा सके।

इसके अलावा उनके द्वारा गेल इंडिया द्वारा निर्मित बायोगैस प्लांट का भी जायजा लिया गया, जहां गेल इंडिया के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 150 टीपीडी के एक प्लांट में लगभग 35 टन गीले कूड़े को प्रतिदिन प्रोसेस किया जा रहा है। इसके बेहतर आउटपुट के लिए रांची शहर में उत्पन्न होने वाले गीले कचरे की आवश्यकता हैं। प्रशासक द्वारा बताया गया कि निगम क्षेत्र में आम लोग, घरों/प्रतिष्ठानों से प्रतिदिन गीला सूखा कूड़ा अलग-अलग दिया जा रहा है तथा रांची नगर निगम झिरी में प्रतिदिन 150 मेट्रिक टन गीला कचरा देने के लिए प्रयासरत हैं। मौके पर उप प्रशासक रविंद्र कुमार, नगर प्रबंधक, पीएमसी के प्रतिनिधि, एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम प्रभात तारा मैदान में आज

## रांची पुलिस ने ट्रैफिक रूट को किया जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में गुरुवार को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें सीएम हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इस समारोह में बड़ी संख्या में लाभुकों और अतिथियों के सम्मिलित होने की संभावना है। कार्यक्रम के मद्देनजर विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आने वाली बसों और अन्य वाहनों का रूट लाइन और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसे लेकर ट्रैफिक एसपी के द्वारा आदेश जारी किया गया है।

**वाहनों का रूट लाइन और पार्किंग की व्यवस्था**

-वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग मंच के पीछे होगी।

-गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़, गुमला और रांची के बेड़ो, खलारी और ओरमांझी के तरफ से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए दलादली, नयासराय, रिंग रोड होते हुए बालालौंग मोड़ से बाएं धुर्वा डैम होते हुए। धुर्वा बस स्टैंड से बाएं सखुआ बागान में बस पार्क होगी।

-दुमका, देवधर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज से आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा भाग गोलचक्कर पूर्वी भाग मैदान के पास पार्क होगी।

-हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरीडीह, सिमडेगा और खूंटी से आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना धौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर के पþिमी भाग में पार्क होगी।

-जमशेदपुर, चाईबासा और सरायेकला की ओर से आने वाले वाहन रामपुर रिंग रोड चौक से बाएं होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर पþिमी भाग मैदान जवाहर स्टेडियम के पास पार्क होगी।

-वीआईपी और मीडिया के छोटी वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नहरू स्टेडियम होते हुए मिया मार्केट के सामने से संत थॉमस स्कूल के सामने पार्क होगी।

**मुख्यमंत्री होंगे शामिल**



## आरबीआइ की पहल : तीन सिक्का वितरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक जनता के बीच सिक्कों का वितरण एवं व्यवहार को बढ़ावा देने को लेकर निरंतर प्रयास और पहल करता रहता है। इसी क्रम में भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह द्वारा तीन सिक्का वितरण वाहनों (एमसीवी) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पहल भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इंडियन ओवरर्सज बैंक (आईओबी) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) के सहयोग से कार्यान्वित की गई।

ये सिक्का वितरण वाहन राज्य के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे बाजारों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बस स्टेशनों और रेलवे स्टेशनों जैसे प्रमुख स्थानों पर सेवा प्रदान करेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्रीय निदेशक महोदय ने कहा कि आम जनता के बीच सिक्कों की सहज उपलब्धता और उनके समुचित वितरण को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे विविध माध्यमों का प्रयोग भारतीय रिजर्व बैंक किया करता है। उन्होंने बताया कि यह सेवा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सिक्कों की उपलब्धता को आसान और सुलभ बनायेगी और इससे छोटे व्यापारियों और दुकानदारों सहित सामान्य जन को लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक पटना कार्यालय की महाप्रबंधक बिनीता टोपनो, रांची कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण और विभिन्न वाणिज्यिक बैंकों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय निदेशक महोदय ने इस मौके पर वाणिज्यिक बैंकों के अधिकारियों से भी संवाद किया और उनसे सिक्का वितरण के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया।

**हाई कोर्ट को नगर निगम ने बताया**

## रांची में चल रहे 36 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट में से सिर्फ दो के पास लाइसेंस

- नगर निगम ने जारी किया है नोटिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट को रांची नगर निगम की ओर से बताया गया कि राजधानी रांची में चल रहे 36 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट में से सिर्फ दो के पास ही लाइसेंस है, 34 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट के पास लाइसेंस नहीं है। रांची नगर निगम ने बिना लाइसेंस वाले रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को नोटिस जारी किया है। लाइसेंस नहीं लेने वालों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ेगी तो उन्हें सील भी किया जायेगा।

हाई कोर्ट की खंडपीठ ने रांची नगर निगम को अवैध ढंग से चल रहे रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। वहीं, कोर्ट ने मामले में रांची शहर में चल रहे बार रेस्टोरेंट पर निगरानी रखने और उनके खुलने और बंद होने पर समुचित कदम उठाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत बार एवं रेस्टोरेंट पर नियंत्रण लगाने एवं मादक पदार्थ यथा चरस, गांजा, अफीम की बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की।

पिछली सुनवाई में कोर्ट में नगर निगम से मौखिक कहा था कि, राजधानी रांची में बगैर मैप स्वीकृति के चल रहे हैं रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को तत्काल बंद करें। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने रांची नगर निगम से मौखिक कहा कि लालपुर क्षेत्र में कई रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट चल रहे हैं। इसके लिए उन्होंने मैप की स्वीकृति भी नहीं ली है, रूफटॉप बार एवं रेस्टोरेंट पर अंकुश लगाकर रांची नगर निगम एक्शन टेकन रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। बता दें की खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है. इस पर आज झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई।

## स्वास्थ्य मंत्री ने आइएमए को दिया आश्वासन डाक्टरों की सुरक्षा के लिए बनेगा टास्क फोर्स



**रांची।** झारखंड इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के एमडी अबू इमरान और रिम्स के निदेशक की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को हुई। इसमें चिकित्सकों के सुरक्षा समेत विभिन्न विषयों पर सकरात्मक बातचीत हुई। इस दौरान कई मुद्दों पर सहमति बनी। इनमें क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में उत्तर प्रदेश के तर्ज पर 50 बेड तक के अस्पतालों को मुक्त करने पर सहमति बनी। यह एतद संबंधित आदेश यथाशीघ्र निकालने का निर्णय स्वास्थ्य मंत्री एवं प्रधान सचिव के द्वारा लिया गया। बैठक में सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार नेशनल टास्क फोर्स के गठन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधि को सम्मिलित करने पर सहमति बनी। श्रावणी मेला में प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के डीए/डीए का अलग से आवंटन देने पर विचार करने की घोषणा स्वास्थ्य मंत्री द्वारा की गई। सहमति हुई कि राज्य /जिला /अनुमंडल स्तरीय जो भी समिति बनाई जाएगी, उसमें पूर्व की तरह आइएमए के एक प्रतिनिधि भी सदस्य के तौर पर होंगे। महिला चिकित्सकों की सुरक्षा से संबंधित आवश्यक निर्णय लेने पर सहमति बनी। इस बैठक में टीम आइएमए झारखंड एवं झासा झारखंड के अलावे विभिन्न चिकित्सक संगठनों के लोग भी उपस्थित थे।

## झारखंड चैंबर के अध्यक्ष बने परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर के सत्र 2024-25 के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की बुधवार को हुई बैठक में वर्तमान कार्यकाल के पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से परेश गट्टानी को चैंबर अध्यक्ष चुना गया। वहीं, आदित्य मल्होत्रा को महासचिव, राहुल साबू व ज्योति कुमारी को उपाध्यक्ष, विकास विजयवर्गीय व नवजोत अलंग को सह सचिव और रोहित अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया की अध्यक्षता में चैंबर भवन में हुई बैठक में चुनाव पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी। वर्षभर राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों एवं प्रोफेशनल्स के हित में कार्यरत रहने के लिए प्रेरित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष परेश गट्टानी ने चैंबर चुनाव के दौरान राज्य के व्यापार और उद्योग जगत की ओर से मिले सहयोग और समर्थन के लिए सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में चैंबर द्वारा किये गये सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने में वर्तमान टीम अपनी साकारात्मक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि भवन नियमितीकरण योजना जल्द प्रभावी हो, मंडी टैक्स कानून स्थाई रूप से समाप्त हो, राज्य की बाजार मंडियां आदर्श मंडी के रूप में विकसित हों, रिवाइज्ड मास्टर प्लान का क्रियान्वयन हो, महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिले, राज्य में बंद पड़ी खदानें चालू हों और नये निवेश स्थापित हों इसका हम भरपूर प्रयास करेंगे।



देश के पूर्वी क्षेत्र में चैंबर्स के बीच हमारे फेडरेशन का प्रभाव बढ़ाने की पहल के साथ ही जिला और प्रखंड स्तर तक फेडरेशन की मजबूती के लिए वर्षभर राज्य के जिलों का दौरा मेरी विशेष प्राथमिकता है। वहीं, बैठक के बाद चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और अंचल किंगर ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार सौंपा। बैठक में पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, राम बांगड, डॉ अभिषेक रामाधीन, अमित शर्मा, रोहित पोद्दार, शैलेष अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, साहित्य पवन, आस्था किरण, सुनिल सरावगी, संजय अखौरी, नवीन अग्रवाल उपस्थित थे।

## जयंती पर पंडित दीनदयाल को नमन कर बाबूलाल ने कहा- भाजपा चुनाव को तैयार

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुये कहा कि हमें पंडित जी के बताये मार्ग पर चलना चाहिये। उन्हीं की परिकल्पना अंत्योदय है। भाजपा चुनाव के लिये पूरी तरह से तैयार है। पार्टी लगातार जनता के बीच है। इस समय पूरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा आयोजित कर रही है। इसका समापन 2 अक्टूबर को होगा। उन्होंने कहा कि पूरे 5 साल से हेमंत सोरेन सरकार झारखंड को लूट रही है। गिद्ध की तरह नोच रही है। ईडी ने दर्जनों मामले को सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया है कि संबंधित पर केस होनी चाहिये। लेकिन सरकार सारी फाइलों को दबा दी है। पूरे 5 साल तक बालू, पत्थर, कोयला, लोहा, जमीन सभी को सरकार ने लूटा ही है। सबसे ज्यादा सीएनटी एक्ट का फर्जीवाड़ा हेमंत सोरेन सरकार में हुआ है। कई बार नाम बदल-बदलकर जमीन रजिस्ट्री कराये गये हैं। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में नागेंद्र जी भी शामिल थे।

# पूर्व सीएम चंपई की सुरक्षा में तैनात हैं 63 जवान व पांच वाहन

- सुरक्षा में कोई कटौती नहीं : झारखंड पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की सुरक्षा में कोई कटौती नहीं की गयी है। इस संबंध में झारखंड पुलिस ने बयान जारी किया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि चंपाई सोरेन की सुरक्षा में 63 जवान और पांच वाहन प्रतिनियुक्त हैं। उनकी सुरक्षा में कोई कटौती नहीं की गई है। जारी बयान में कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री, सुरक्षा में उनके सुरक्षा श्रेणी के अनुरूप ही सुरक्षा उपलब्ध है। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन जेड प्लस (एएसएल सहित) श्रेणी के लिए अनुमान्य थे। वर्तमान में सोरेन को जेड प्लस (एएसएल रहित) श्रेणी सुरक्षा प्राप्त है।

**सुरक्षा में 63 जवान हैं तैनात :** पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि चंपाई सोरेन के साथ कुल 63 पुलिस पदाधिकारी और कर्मी तैनात हैं। इसके अलावा उनके बेटे बाबूलाल सोरेन के पास दो बॉडीगार्ड और उनके सलाहकार धर्मेन्द गोस्वामी उर्फ चंचल गोस्वामी के पास तीन बॉडीगार्ड और एक/चार आवास गार्ड उपलब्ध है। कुल मिलाकर 63+02+08 73 सुरक्षा बल उपलब्ध है।

**इस्तीफा देने के बाद कुल सात वाहन उपलब्ध था :** पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद चंपाई सोरेन के पास कुल सात वाहन उपलब्ध थे। जिनमें तीन फॉर्च्यूनर, एक स्कॉर्पियो, एक सफारी और दो जिप्सी वाहन शामिल थे। गौरतलब हो कि इनमें से तीन फॉर्च्यूनर, एक स्कॉर्पियो मुख्यमंत्री सुरक्षा के कारकेड का हिस्सा है, जो चंपाई सोरेन के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके साथ उपलब्ध था। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भी, उन चार गाड़ियों जो मुख्यमंत्री कारकेड का हिस्सा है और किसी परिस्थिति में कारकेड से और कहीं प्रतिनियुक्त नहीं होना चाहिए। वह भी चंपाई सोरेन के साथ प्रतिनियुक्त था। इन चारों गाड़ियों को मुख्यमंत्री कारकेड के लिए वापस मंगाया गया है और वर्तमान में चंपाई सोरेन के पास कुल पांच वाहनों की प्रतिनियुक्ति है। चंपाई सोरेन के पास पर्याप्त सुरक्षा बल और वाहन उपलब्ध है।

### पूर्व सीएम चंपाई ने अपने कारकेट के सभी वाहन किये वापस

**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने अपने कारकेट में शामिल सभी वाहनों को वापस कर दिया है। जानकारी के अनुसार, सरकार ने पूर्व सीएम चंपाई सोरेन से तीन गाड़ियां मांगी थी। इस पर चंपाई सोरेन ने नाराजगी जताते हुए कारकेट की सभी गाड़ियां वापस कर दी। बताते चलें कि चंपाई सोरेन को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। चंपाई सोरेन ने कहा कि मेरे साथ सरकार इतना उत्पीड़न कर रही है, तो राज्य की जनता के साथ सरकार का व्यवहार कैसा होगा, आप समझ सकते हैं।

उन्होंने एक्स पर लिखा है कि सभी नियमों एवं प्रोटोकॉल को दरकिनार करते हुए राज्य सरकार ने मेरी सुरक्षा में लगे वाहनों को वापस बुला लिया है। झारखंड में अपने लोगों के बीच मुझे किसी भी प्रकार की सुरक्षा की जरूरत नहीं है। एक पूर्व सीएम की सुरक्षा से खिलवाड़ की इस राजनैतिक साजिश का जवाब राज्य की जनता देगी।

**विवाद छिड़ा**



## झमाझम बारिश से राजधानी हुआ पानी-पानी

**रांची।** राजधानी रांची में बुधवार की शाम झमाझम बारिश शुरू हुई, जो देर रात तक जारी है। बारिश से राजधानी रांची पानी- पानी हो गया। लगातार बारिश से लोग परेशान हो गये हैं। इससे पहले मंगलवार की शाम शुरू हुई बारिश बुधवार की सुबह 10 बजे तक होती रही। दिन में कुछ समय तक बारिश बंद होने के बाद लोगों को राहत हुई। मौसम विभाग के अनुसार मध्य बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से पþिम मध्य बंगाल की खाड़ी, उससे सटे उत्तरी आंध्र प्रदेश के उत्तर-पþिम खाड़ी और साउथ ओडिशा तट के ऊपर लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर ऊपर बना निम्न दबाव का यह सिस्टम साउथ वेस्ट की ओर बढ़ रहा है। इस कारण गुरुवार को राज्य में सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की प्रबल संभावना है। इसके साथ येलो अलर्ट भी जारी किया है। इसके तहत गुरुवार को राज्य के उत्तर-पूर्वी यानी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहेबगंज जिला, उत्तर-पश्चिमी यानी पलामू गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार तथा लोहरदगा जिला में कहीं कहीं पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके साथ राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन व वज्रपात होने की भी संभावना है। वहीं रांची में गुरुवार को सामान्यत: बादल छाये रहेंगे। हल्के दर्जे की वर्षा होगी।

# हमारी तैयारी झारखंड के विश्वास को समेट कर राज्य को आगे ले जाने की है : सुदेश महतो

## आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित, झारखंड आंदोलनकारी बसंत महतो ने थामा पार्टी का दामन

- हमारी प्राथमिकता झारखंड की जरूरतें और आकांक्षाएं हैं
- जो सरकार एक परीक्षा लेने के लिए इंटरनेट पर रोक लगा देती है इससे इसकी क्षमता का अंदाजा लगता है
- हेमंत सरकार ने राज्य को 15-20 साल पीछे धकेल दिया है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरकार अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में है। इन पांच सालों में प्रदेश के भीतर युवाओं, महिलाओं के साथ साथ नीतियों पर कोई काम नहीं किया जिसका परिणाम है कि इन्होंने झारखंड को 15-20 साल पीछे धकेल दिया है। जनता को छलने वाली सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। हर वर्ग की चिंता करते हुए हमारी तैयारी झारखंड के विश्वास को समेट कर राज्य को आगे ले जाने की है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अपने कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारी बसंत महतो और कई जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। सरकार परीक्षा लेने में भी नाकाम है। राज्य में लॉ एंड आर्डर भी पूरी तरीके से ध्वस्त है। जो सरकार एक परीक्षा सही से नहीं करा सकती है वो सरकार राज्य चलाने में कितनी सक्षम है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक परीक्षा लेने के लिए इन्होंने लोगों के जीवन का आधार बन चुके इंटरनेट पर रोक लगा दी थी। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि आपने झारखंड की जरूरतों और आकांक्षाओं को करीब से देखा और समझा है। आपके अनुभव का लाभ पार्टी को अवश्य मिलेगा। राज्य में आवश्यक नेतृत्व परिवर्तन की दिशा में हम सभी को मिलकर काम करना है। सरकार की वादाखिलाफियों को जन जन तक पहुँचाने का काम करें।

मौके पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले बसंत महतो ने कहा कि सरकार ने झारखंड आंदोलनकारियों को भी ठगने का काम किया है। चुनाव से पहले बड़े बड़े वादे करने वाली सरकार सत्ता में आते ही अपने ही वादों को भूल गई। झारखंड की जनता अब बदलाव चाहती है। सुदेश महतो के नेतृत्व में हम सभी इस बदलाव के लिए काम करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेंद्र मेहता, अशोक नाग, हकिम अंसारी, मुजिबुल रहमान, नईम अंसारी, एतवा उरांव, लाल अमन शाहदेव, सुरेंद्र महतो, संजय लाल महतो, हरिशंकर महतो, विनोद महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### इन्होंने ली पार्टी की सदस्यता

गोपाल उरांव, उमेश उरांव, विजय महतो, दानेश्वर साहु, विनोद मुंडा, प्रदीप कुमार केशरी, कृष्णा महतो, धीरज महतो, मीना देवी, सुनीता देवी, दिव्य खलखो, मुना करमाली, मोहन महतो, सोहन महतो, कार्तिक महतो, अनु उरांव, आकाश उरांव, मोहन उरांव, राजेंद्र महतो, अयांश कुमार महतो, समाजसेवी मनोज सिंह, संजय दास, पंचायत समिति सदस्य संदीप पाहन, संजय दास, वार्ड सदस्य नीलमणि देवी समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## बाबूलाल मरांडी ने माधुरी खलखो को वित्तीय सहायता देने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर माधुरी खलखो को वित्तीय सहायता देने की मांग की है। श्री मरांडी ने कहा है कि माधुरी खलखो लंदन के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही है। राज्य सरकार के स्कॉलरशिप योजना के तहत इन्हें यह अवसर मिल पाया है। उसने कड़ी मेहनत और समर्पण से अपने पहले दो साल पूरे किये, लेकिन, अब तीसरे साल की फीस राज्य सरकार के स्कॉलरशिप योजना में नीतिगत नियमों के चलते नहीं मिल पाया। माधुरी खलखो अपनी पीएचडी पूरी करने के लिये संघर्ष कर रही है। यदि समय पर फीस का प्रबंध नहीं हुआ तो उसके इन दो वर्षों के मेहनत का कोई मूल्य नहीं रह जायेगा। छात्रा ने तीसरे वर्ष के लिए आदिवासी कल्याण विभागए अनुसूचित जनजातिए अल्पसंख्यक और अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से छात्रवृत्ति विस्तार के लिये बहुत प्रयास किये। लेकिन विभागीय संकल्प में उल्लेखित नियमों का हवाला देकर सहायता राशि प्रदान करने में असमर्थता जाहिर किया गया। माधुरी खलखो की मेहनत और समर्पण व्यर्थ न जाये।

## मां भवानी युवा क्लब दुर्गा पूजा समिति की बैठक में धूमधाम से पूजा करने का लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मॉ भवानी युवा क्लब दुर्गा पूजा समिति विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्का मोड रांची पूजा के 50 वें वर्षगांठ 2024 पर भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन करने जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष शैलेशवर दयाल सिंह ने बताया की इस वर्ष मॉ गुफा के अंदर सिंहासन पर विराजमान होंगी। पंडाल का निर्माण कलकत्ता के तपन दा और मूर्ति का निर्माण मूर्तिकार पिंटू मंडल कर रहे है। साथ ही आकषर्क विधुतसज्जा साहनी इलेक्ट्रिक के द्वारा किया जायेगा। पुजा का बजट 15 लाख का है। पुजा के सफल आयोजन में अध्यक्ष शैलेशवर दयाल सिंह, विजय साहू, राकेश कुमार, विजय सिंह, राकेश साहू, रवि भगत, अजय चौधरी, अरविंद तिवारी, नमीत लाल, खुबलाल, विक्की तिवारी, नवनीत नंदन, पंकज गुप्ता, सूमीत कुमार, गुडडू सहाय, राहुल अग्रवाल, आनंद मंडल, अंशु दयाल सिंह, अभीयांश दयाल सिंह सहित सभी सदस्य अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देर हें।





## बैंक ऑफ इंडिया की ओर से हिंदी दिवस समारोह का सफल आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया, फील्ड महाप्रबंधक कार्यालय, द्वारा हिन्दी दिवस सामारोह का आयोजन महाप्रबंधक मनोज कुमार की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। तत्पश्चात राजभाषा संकल्प सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा लिया गया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिन्दी भाषा भारत कि विविधता को एकता के सूत्र में बांधने वाली अटूट कड़ी है। हिन्दी सिर्फ भाषा ही नहीं बल्कि हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। एक दूसरे से जुड़ने का सहज और सरल साधन भी हैं। हिन्दी भारत की सांस्कृतिक विविधता में एकता की महत्वपूर्ण कड़ी के साथ ही हमारी पहचान की मजबूत बुनियाद भी हैं। हिन्दी की जड़ें प्राचीनकाल से जुड़ी हुई हैं । आज ज्यादातर लोग सोंचते हैं कि अँग्रेजी ही सफलता का रास्ता हैं किन्तु ऐसा नहीं हैं। हिन्दी न केवल साहित्यिक क्षेत्र में बल्कि पत्रकरिता, सिनेमा, अनुवाद, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्रों में भी रोजगार के अनगिनत मौके देती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दी के प्रचार-प्रसार की ज़िम्मेदारी हर भारतीय नागरिक की है और इस कार्य में हम सबको मिलकर कार्य करना चाहिए एंव हिन्दी को बढ़ावा देना चाहिए। बैंकिंग कार्य में भी हिन्दी के महत्वपूर्ण भूमिका की बात कही।

तत्पश्चात विभिन्न प्रतयोगिताओं के विजेताओं एंव प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एंव पुरस्कार प्रदान किए। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हिन्दी माह के दौरान किया गया जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी स्वाति कुमारी प्रसाद द्वारा सुचारु रूप से किया गया। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रबंधक ने सभी स्टाफ सदस्यों से कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी भाषा के प्रयोग की बात कहीं । उन्होंने भविष्य में भी हिन्दी भाषा' के प्रचार-प्रसार हेतु इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में बैंक के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया ।

## रिसालदार दरगाह कमिटी ने डॉ सरफराज अहमद का किया स्वागत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिसालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी के नेतृत्व में बुधवार को सुन्नी वक्त बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ सरफराज अहमद का उन्हें शॉल और फूलो का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मौके पर डॉ सरफराज अहमद ने भी दरगाह कमिटी का अभिवादन किया। साथ ही रिसालदार शाह बाबा का उर्स के सफल आयोजन को लेकर भी बधाई दिया और कहा कि मैं बहुत जल्द बाबा के मजार पर चादरपेशी करने आऊंगा। मौके पर दरगाह कमिटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन और बेलाल अहमद, संयुक्त सचिव जुल्फिकार अली भुप्तो, खलीकुल, सैय्यद अबू कुहाफा हेजाजी, शाहिद खान मौजूद थे।

## पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा स्थित जैप 1 परिसर में आयोजित 16 वीं झारखंड राज्य पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हो गयी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो शामिल हुए। इस मौके पर डीजीपी अनुराग गुप्ता भी उपस्थित रहे। समापन समारोह को सफल बनाने में एडीजी संजय आनन्द लाठकर, एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक, एडीजी मुरारीलाल मीणा, एडीजी प्रिया दूबे, आईजी राज कुमार लकड़ा, डीआईजी पटेल मयूर कनैयालाल, एसपी राकेश रंजन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### विस अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट किया

विधानसभा अध्यक्ष ने समारोह में आये हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी, उपस्थित प्रशिक्षक, खिलाड़ी, टीम मैनेजर, मीडिया कर्मी सहित प्रतियोगिता में शामिल टीम का आभार प्रकट किया।

## डालसा के तत्वाधान में नशा विरोधी अभियान पर कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव को छात्रों को समझाया गया। कार्यशाला का संचालन अतुल गेरा, मेम्बर स्पेशल टीम डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी द्वारा किया गया। जिन्होंने छात्रों को मिन्न-भिन्न मादक पदार्थों के विषय में एवं उनके दुष्प्रभाव से बचने के उपाय बताए।

अन्य रिसोर्स परसन्स में राजकुमार यादव, डी.वाई.एस.पी.डी.आई.जी., सी.आई.डी., एडवोकेट श राजेश कुमार सिन्हा, मनोहर मञ्जुल इन्टेलीजेन्स ऑफिसर, नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो राम कुमार झा, पंचानन सिंह रिटायर्ड डी.वाई.एस.पी. मेम्बर स्पेशल टीम डिस्ट्रिक्ट लीगल अथॉरिटी रहे। इसके अतिरिक्त विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या श जसमीत कौर, शिक्षकवृन्द एवं छात्रगण उपस्थित थे। कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को नशा करने के दुष्प्रभाव से परिचित कराना था। आज के संदर्भ में यह समस्या व्यक्ति के स्वास्थ्य परिवार एवं आर्थिक स्थिति को खतरे में डाल सकती है क्योंकि नशा बबार्दी है। कार्यशाला में नशे से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट्री फिल्म भी दिखायी गई जिससे छात्र नशे से होने वाले अभिशाप से केवल स्वयं ही नहीं बल्कि अपने साथियों लगे सम्बन्धियों तथा अन्य समाजज के लोगों को समय रहते जागरूक कर सकें।




# छत्तीसगढ़ की जेल में बंद हसीना पम्मी खोलेगी झारखंड के गैंगस्टर का राज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव को आर्थिक चोट देने के लिए झारखंड एटीएस विशेष रणनीति पर काम करने में जुट गयी है। एटीएस अमन गिरोह के द्वारा खौफ के बल पर की गयी कमाई का ब्योरा जुटा रहा है। एटीएस गैंग की राजदार पम्मी पर भी शिकंजा कसने जा रही है। पम्मी छत्तीसगढ़ जेल में बंद है, एटीएस उसे जल्द ही रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पम्मी से झारखंड एटीएस की टीम छत्तीसगढ़ जाकर पूछताछ कर रही है। पम्मी को झारखंड एटीएस की सहायता से छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले महीने गिरफ्तार किया था, तब से पम्मी छत्तीसगढ़ की जेल में बंद है।

एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि पम्मी कुख्यात अपराधी आकाश राय की पत्नी है। आकाश भी सिमडेगा जेल में बंद है। पम्मी, अमन साव गिरोह के गुर्गों के पास हथियार, पैसे और दूसरे तरह की मदद पहुंचाने का काम करती थी।

### अमन और लॉरेंस दोनों के संपर्क में थी पम्मी

कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और अमन साव एक साथ काम कर रहे हैं। यह झारखंड एटीएस और कई राज्यों की पुलिस की जांच में स्पष्ट हो चुका है। लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे भी दोनों गैंग के लिए काम कर रहे हैं। पम्मी अमन साव और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के बीच हाल के दिनों में मुख्य सूत्रधार बनी हुई थी।

### एटीएस कई राज्यों की पुलिस के संपर्क में

झारखंड एटीएस की टीम दूसरे राज्यों के एटीएस और राज्य पुलिस के संपर्क में है। लॉरेंस और अमन के बीच हथियारों की लेनदेन की सूचना भी एटीएस को प्राप्त हुई है, जो सूचनाएं मिली हैं उसके आधार पर आगे का काम किया जा रहा है। एटीएस एसपी के अनुसार अमन गिरोह के हर तरह के निवेश और संपत्ति का पता लगाया जा रहा है।

## स्वामी दिव्यानंद संत समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत



**रांची।** अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री दंडी स्वामी परम पूज्य अनंत विभूषित जितेन्द्रानंद सरस्वती जी महाराज के रांची प्रवास के दौरान झारखंड के पूरे संत समाज के मध्य स्वामी दिव्यानंद जी महाराज को झारखंड प्रदेश का उपाध्यक्ष मनोनीत किया। प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में स्वामी कृष्ण चैतन्यब्रह्मचारी और प्रदेश महामंत्री के रूप में स्वामी हसानंद गिरी का मनोनय पहले ही हो चुका है। स्वामी दिव्यानंद महाराज ने विश्वास जताया कि नयी कमिटी पूरे ऊर्जा और श्रद्धा के साथ संपूर्ण झारखंड में संतों की एकजुटता मजबूती से होगी और गांव-गांव तक कमेटी अपना कार्य करेगी। अखिल भारतीय संत समिति भारत की एकमात्र और सासे ाडा संतों का संगठन है। इस संगठन में संत महात्माओं के सभी अखाड़े के प्रमुख एवं सभी संतमत संप्रदाय के महात्मा इससे जुड़ कर गौ, गंगा, गायत्री, धर्म एवं राष्ट्र रक्षार्थ सभी एक मंच में आकर एकरूपता के साथ कार्य कर रहे हैं,। विश्व हिंदू परिषद संत-महात्मा, मठ-मंदिर, सनातन धर्म के रक्षार्थ जो उल्लेखनीय कार्य करते आ रहे हैं, अखिल भारतीय संत समिति के मार्गदर्शन में एवं कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले पूर्व विधायक, सौंपा ज्ञापन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज्य के पूर्व विधानसभा सदस्य सत्येंद्र नाथ तिवारी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को ज्ञापन समर्पित किया।

### 1 अक्टूबर को होने वाली परिवर्तन यात्रा को लेकर कांके में भाजपा की बैठक

**रांची।** कांके विधानसभा के मेसरा मंडल विकास कार्यालय में एक अक्टूबर को परिवर्तन यात्रा वा रथ यात्रा होना है। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए अधिकारियों द्वारा दिशा निर्देश दिया गया है। मंडल के सभी सदस्यों को बैठक में जानकारी दिया गयी कि सभी शक्ति केंद्र बूथ स्तर में कार्यकर्ता को सक्रिय कर काम करें। रथ यात्राके दौरान जगह जगह पर स्वागत के लिए अपने सभी मंडल के कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गयाहै। वहीं, सभी सदस्यों से कहा गया कि 29 सितंबर को मन की बात बूथ स्तर पर जा कर लोगो के बीच सुनें। मौके पर छत्तीसगढ़ से आए प्रभारी केके राय, शिव भूषण भगत, अनिल टाइगर, रांची महामंत्री संजीत सिंह, कर्नल वीरेंद्र सिंह, रणधीर चौधरी, महानंद महतो, अमित साहू , राजा महतो, अभिषेक महतो, बालचंद साहू, पप्पू महतो, कामेश्वर, शंकर साहु के अलावा दिलीप, शिवचरण करमाली और संजय समेत अन्य उपस्थित थे।

### जैप व इंडियन रिजर्व बटालियन में नेत्र जांच शिविर



**रांची।** बुवधवार को कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल (केएमआइएच) की टीम ने जैप 1, 2 व जैप 10 और इंडियन रिजर्व बटालियन की महिलाओं एवं बच्चों की नेत्रों की जांच की। शिविर में कुल 104 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। दो मरीज नाखुना एवं 10 मरीजों में मोतियादिं की समस्या पायी गयी। 20 मरीजों के आंख के परदे की समस्या मिली। उन्हें विस्तृत जांच के लिए कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल रेफर किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा की महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इस दिशा में हम आगे भी काम करते रहेंगे। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों और सदर अस्पताल के चिकित्सकों को इस मौके पर डीजीपी ने सम्मानित किया। कुछ दिनों पूर्व देवानिका अस्पताल में आई डोनेशन अवेयरनेस एवं कश्यप मेमोरियल आई बैंक के द्वारा नेत्रदान जागरूकता सेमिनार एवं रैली का भी आयोजन किया गया था।

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन

**रांची।** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड में शुक्रवार को निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में यशोदा ग्रुप के अस्पताल, हैदराबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. कश्यप व्यास (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच कर चिकित्सीय सलाह देंगे। हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिपोर्ट साथ लाने की बात कही गयी है। सीएमडी, सीसीएल, श्री निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक इलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

### आप में धैर्य है तो दुनिया में सब कुछ पा सकते हैं : हरिवंश



**रांची।** राज्यसभा के उपसभापति एवं वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश ने कहा कि इंसान की एक सबसे बड़ी ताकत धैर्य है। आप में धैर्य है, तो दुनिया में सब कुछ पा सकते हैं। हमारे देश के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए इस दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। राज्यसभा के उपसभापति बुधवार को वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष चतुर्वेदी की पुस्तक **समाचारों की बिसात** एवं वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा की पुस्तक **जमीनी और क्षेत्रीय पत्रकारिता की ताकत** के लोकार्पण पर रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में बतौर मुख्य अतिथि अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रभात खबर की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अखबार भी सत्य के मार्ग पर चल कर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं। बस इसके लिए धैर्य को अपनाये रखना होगा। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी बदलती रहेगी, पर प्रिंट मीडिया आज भी है और आगे भी रहेगा। प्रिंट मीडिया में यकीन का प्रतिशत पूरी दुनिया में सबसे अधिक है। रांची विवि के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इतने कंपीटीशन के दौर में अपने को टॉप पर लाना यही तो सच्ची पत्रकारिता है।

### चक्रधरपुर से होकर चलने वाली कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

चक्रधरपुर। चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत चलने वाली कुछ ट्रेनें आने वाले समय में रद्द रहेंगी। इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि आदित्यपुर स्टेशन में किए जा रहे नन इंटरलॉकिंग कार्यों के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे ने चार वंदे भारत एक्सप्रेस सहित 6 ट्रेनों को 25 से 29 सितंबर तक रद्द करने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही रेलवे ने चार एक्सप्रेस ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने की निर्णय लिया है।

**ये ट्रेनें इन तिथियों में रद्द रहेंगी:**

- ट्रेन नंबर 20871 हावड़ा राउरकेला वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन 25, 26, 27 और 28 सितंबर को रद्द रहेगी।
- ट्रेन नंबर 20872 राउरकेला हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन 25, 26, 27 और 28 सितंबर को रद्द रहेगी।
- ट्रेन नंबर 20891 टाटानगर ब्रह्मपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन 25, 26, 27 और 28 सितंबर को रद्द रहेगी।
- ट्रेन नंबर 20892 ब्रह्मपुर टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन 25, 26, 27, 28 और 29 सितंबर को रद्द रहेगी।
- ट्रेन नंबर 18119 टाटानगर जयनगर एक्सप्रेस का परिचालन 27 सितंबर को रद्द रहेगी।
- ट्रेन नंबर 18120 जयनगर टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन 27 सितंबर को रद्द रहेगी।

**ये ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी:**

- 25 से 27 सितंबर तक ट्रेन नंबर 18477 पुरी योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुडा रोड स्टेशन, इब स्टेशन होकर ऋषिकेश तक चलेगी।
- 25 से 27 सितंबर तक ट्रेन नंबर 18478 योगनगरी ऋषिकेश पुरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग इब स्टेशन, झारसुगुडा रोड स्टेशन होकर पुरी तक चलेगी।
- 25 से 27 सितंबर तक ट्रेन नंबर 13287 दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सीनी, कान्ड्रा स्टेशन होते हुए आरा तक चलेगी।
- साउथ बिहार एक्सप्रेस 25 से 27 सितंबर तक टाटानगर नहीं जाएगी।
- 24 से 26 सितंबर तक ट्रेन नंबर 13288 आरा दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कान्ड्रा, सीनी, स्टेशन होते हुए दुर्ग तक चलेगी।
- साउथ बिहार एक्सप्रेस 24 से 26 सितंबर तक टाटानगर नहीं जाएगी।

# लौटता मानसून

भारत में मानसून की बारिश सोमवार को उत्तर-पश्चिमी हिस्सों से वापस लौटने लगी है, जो सामान्य से करीब एक हफ्ता देर से शुरू हुई है। यह जानकारी भारतीय मौसम विभाग ने दी। भारत में वार्षिक मानसून देश की लगभग 70 प्रतिशत बारिश प्रदान करता है, जिससे खेतों की सिंचाई, तालाबों और भूजल भंडार को भरने में मदद मिलती है। यह करीब 3.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है।

भारत के लगभग आधे खेत मानसून पर निर्भर रहते हैं, क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए कोई अन्य साधन नहीं है। मानसून की बारिश आमतौर पर जून से सितंबर तक चलती है। सामान्य तौर पर मानसून जून में शुरू होता है और 17 सितंबर से लौटना शुरू हो जाता है, लेकिन इस साल बारिश देर तक चलती रही। इससे जलाशय तो भर गए, लेकिन कुछ राज्यों में तैयार फसलों को नुकसान भी पहुंचा। अगस्त में न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने रिपोर्ट किया था कि इस साल एक निम्न दबाव प्रणाली विकसित होने के कारण मानसून की बारिश सितंबर के अंत तक बढ़ सकती है। आइएमडी के अनुसार, इस सीजन में अब तक मानसून की बारिश औसत से 5.5 प्रतिशत ज्यादा रही है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों में पश्चिम राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और गुजरात के कुछ हिस्सों से मानसून के और पीछे हटने के अनुकूल हालात बन रहे हैं। जून और जुलाई में मानसून के कम बरसने से निराशा हुई थी वह अगस्त और सितंबर की बारिश ने पूरा कर दिया। झारखंड में भी सभी डैम भर चुके हैं और विगत सप्ताह की तीन दिनों की लगातार बरसात से भी डैमों का गेट अधिक पानी होने के कारण खोलना पड़ा। वैश्विक स्तर पर बदलते मानसून का परिणाम है कि अब बरसात कम दिनों में अधिक हो रही है ऐसे में वर्षा जल के संचय पर जोर देने की आवश्यकता है।

## आज का राशिफल

**मेष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9**

**वृष : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8**

**मिथुन : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9**

**कर्क : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5**

**सिंह : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8**

**कन्या : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतरू ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8**

**तुला : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7**

**वृश्चिक : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8**


**धनु : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8**

**मकर : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7**

**कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8**


**मीन : जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7**

## कार्टून वर्ल्ड




# एक राष्ट्र, एक चुनाव से क्या बदलाव आयेगा?





-डॉ सत्यभान

> भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन में कई संभावित कमियाँ हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में विभिन्न राज्यों की अद्वितीय राजनीतिक गतिशीलता और क्षेत्रीय हितों को कमजोर कर सकता है, क्योंकि यह एक समान चुनाव चक्र को बढ़ावा देता है। यह अलग-अलग राज्यों के विविध मुद्दों और आकांक्षाओं को नजरअंदाज कर सकता है, जिससे उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की उपेक्षा हो सकती है।

**एक** राष्ट्र एक चुनाव भारत में प्रस्तावित चुनावी सुधार है जो देश में सभी चुनावों को एक साथ कराने की वकालत करता है, चाहे वह संसदीय, राज्य विधानसभा या स्थानीय निकाय चुनाव हों, हर पाँच साल में एक बार एक साथ कराए जाने चाहिए। इस अवधारणा का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, चुनाव से संबंधित खर्चों को कम करना, बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले व्यवधान को कम करना और अभियान से हटकर नीति कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करके शासन को बेहतर बनाना है। समर्थकों का तर्क है कि इससे मतदाताओं की भागीदारी भी बढ़ेगी और चुनावों का निरंतर चक्र समाप्त होगा। हालाँकि, कार्यान्वयन के लिए व्यापक संवैधानिक संशोधनों और राजनीतिक दलों और हितधारकों के बीच आम सहमति की आवश्यकता होती है।

एक राष्ट्र एक चुनाव के पीछे का विचार भारत में लोकसभा (संसद का निचला सदन) और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ समयबद्ध करना है। फिलहाल, भारत में हर पाँच साल में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव होते हैं। सरकार पर लागत का बोझ बढ़ाने के लिए, कुछ राज्य अपनी राज्य विधानसभाओं के लिए अलग-अलग चुनाव भी कराते हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के तहत सभी चुनाव एक साथ आयोजित करके, चुनावों की संख्या और उनके साथ होने वाले खर्चों को कम करके चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाने की उम्मीद है। इस समन्वय के कारण मतदाता एक साथ कई चुनावों में भाग ले सकते हैं, जिससे चुनावी प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी और संभवतः मतदान में वृद्धि होगी। प्रशासन को चुनाव समय-सारिणी में सामंजस्य स्थापित करके शासन की प्रभावशीलता में सुधार करने की उम्मीद है।

भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन के कई संभावित लाभ हैं, विभिन्न स्तरों पर चुनावों को एक साथ कराने से चुनाव संबंधी व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिसमें सुरक्षा, रसद और प्रचार की लागत शामिल है। बार-बार चुनाव होने से अक्सर शासन में व्यवधान पैदा होता है क्योंकि नीति कार्यान्वयन के बजाय चुनाव प्रचार पर ध्यान केंद्रित हो जाता है। एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन को स्थिर करने की लंबी अवधि मिलेगी, जिससे निर्वाचित प्रतिनिधि नीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। बार-बार चुनाव होने से कभी-कभी मतदाता थक जाते हैं और मतदान में कमी आती है। एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं को हर पाँच साल में केवल एक बार ही वोट डालना होगा, जिससे संभावित रूप से मतदाताओं की भागीदारी बढ़ेगी और वे अधिक सूचित निर्णय ले सकेंगे।

एक साथ चुनाव होने से नीति निरंतरता सुनिश्चित होगी क्योंकि एक ही सरकार एक निश्चित अवधि के लिए सभी स्तरों पर सत्ता में रहेगी। इससे दीर्घकालिक योजना और सुसंगत नीति कार्यान्वयन में सुविधा होगी। अलग-अलग समय पर कई चुनाव कराने से प्रशासनिक मशीनरी पर दबाव पड़ता है। एक राष्ट्र एक चुनाव से चुनाव आयोगों पर बोझ कम होगा। समन्वित चुनावों से संभावित रूप से अधिक राजनीतिक स्थिरता आ सकती है, क्योंकि इससे बार-बार होने वाले मध्यावधि चुनावों, गठबंधन सरकारों और इससे जुड़ी अस्थिरता की संभावना कम हो जाएगी।

भारत में एक राष्ट्र एक चुनाव के क्रियान्वयन में कई संभावित कमियाँ हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव भारत में विभिन्न राज्यों की अद्वितीय राजनीतिक गतिशीलता और क्षेत्रीय हितों को कमजोर कर सकता है, क्योंकि यह एक समान चुनाव चक्र को बढ़ावा देता है। यह अलग-अलग राज्यों के विविध मुद्दों और आकांक्षाओं को नजरअंदाज कर सकता है, जिससे उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं की उपेक्षा हो सकती है। समकालिक चुनावों के साथ, एक जोखिम है कि राष्ट्रीय मुद्दे स्थानीय चिंताओं पर हावी हो जाएँगे। स्थानीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान और चर्चा नहीं हो सकती है, क्योंकि राजनेता राष्ट्रीय स्तर के प्रचार और एजेंडे पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

भारत का संघीय ढांचा राज्यों को अपनी सरकारें और नीतियाँ रखने की अनुमति देता है। एक राष्ट्र एक चुनाव शक्ति और निर्णय लेने को केंद्रीकृत करके इस संघीय ढांचे को कमजोर कर सकता है, जिससे राज्यों की स्वायत्तता और स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। बार-बार चुनाव होने से मतदाता थक सकते हैं, जहाँ नागरिक असंबद्ध हो जाते हैं और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने में कम रुचि रखते हैं। एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रचार उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है। सीमित फंडिंग वाले छोटे दल या उम्मीदवार बड़े पैमाने पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं, जिससे संभावित रूप से राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असंतुलन पैदा हो सकता है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आवाजों की विविधता सीमित हो सकती है।

भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएँ, प्राथमिकताएँ और नीतिगत प्राथमिकताएँ हो सकती हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव नीति निरंतरता को बाधित कर सकता है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर की सरकारों में बदलाव से राज्य स्तर के शासन में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं, जो संभावित रूप से दीर्घकालिक योजना और विकास को प्रभावित कर सकते हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में समकालिक चुनावों को लागू करना महत्वपूर्ण तार्किक चुनौतियाँ पेश करता है। पर्याप्त सुरक्षा, कुशल प्रशासन और कई हितधारकों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना जटिल हो सकता है और इससे चुनाव कराने में तार्किक विफलताओं या देरी का जोखिम बढ़ सकता है। संविधान संशोधनः विभिन्न स्तरों पर चुनावी चक्र और सरकारों के कार्यकाल को बदलने के लिए संविधान के कई प्रावधानों में संशोधन करने की आवश्यकता होगी, जो एक जटिल और समय लेने वाली प्रक्रिया हो सकती है।

एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव का उद्देश्य चुनावों की आवृत्ति को कम करना और चुनावों के निरंतर चक्र से बचकर अधिक कुशल शासन प्रणाली बनाना है, जो विकास कार्यों को बाधित कर सकता है और महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ डाल सकता है।

## लेटर टू एडिटर

### राजनीति की चमक

**राजनीति** कुछ लोगों के खून में होती है, कुछ को विरासत में मिलती है, और कुछ दूसरों की कूटनीति का शिकार होकर इसमें प्रवेश करते हैं। विनेश फोगाट का राजनीति में आगमन इसी तीसरे कारण से हुआ है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने शिक्षा, सिनेमा और खेल की नामचीन हस्तियों की लोकप्रियता को भुनाने के लिए उनका उपयोग किया है। विनेश का मामला भी इसी श्रेणी में आता है। कांग्रेस की रणनीति से वह राजनीति की चकाचौंध का हिस्सा बनी।

**– ईश्वर चन्द गर्ग, रांची**

### असहजता

**फिल्मी** सितारे, कला-संस्कृति और खेल से जुड़ी हस्तियां अक्सर राजनीति में कदम रखती हैं। उनकी उपलब्धियों और लोकप्रियता के कारण उन्हें सम्मान मिलता है, लेकिन राजनीति में आने के बाद वे किसी विशेष दल के साथ जुड़ जाते हैं। इससे उनके प्रशंसकों में असहजता उत्पन्न हो सकती है।

**– रविशंकर सिंह, गढ़वा**

## एक्स - ट्वीट

भांजों, आई लव यू टू
बादल बरस रहे हैं, बिजली चमक रही है, घनघोर बारिश हो रही है लेकिन आप फिर भी परिवर्तन के लिए डटे हुए हैं।
ये माहौल देखकर मैं कह सकता हूं कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और झारखंड में परिवर्तन आएगा।

**-शिवराज सिंह चौहान**
केन्द्रीय कृषि मंत्री

आज जरूरत है एक साथ मिलकर आवाज लगाने की, जिसकी गूंज उन जाति और धर्म के व्यापारियों के कानो तक पहुँच जाये कि हम एक हैं ूरज निकलेगा, कमल खिलेगा और झारखंड में परिवर्तन आएगा।

**-कल्पना मुर्मू सोरन, विधायक**

# सच का दम आखिर क्यों घुटता है

सामयिक

**राजीव थेपड़ा, गाफिल**

**सच** तो यह है कि सच कोई सुनना ही नहीं चाहता !! ना व्यक्ति ,ना घर ,ना पड़ोस ,ना मोहल्ला, ना राज्य , ना देश ,ना विश्व !! व्यक्ति की किसी एक इकाई से लेकर किसी वैश्विक समुदाय या यूनाइटेड नेशन या कोई भी क्यों न हो , सच कोई भी सुनना नहीं चाहता !!

साफ-साफ से दिखती घटनाओं में भी लोग बायस्ड होते हैं ,पूर्वाग्रह से ग्रसित होते हैं ! बिल्कुल स्पष्ट दिखती स्थितियों में भी एक पक्ष के लोग कुछ और ढूंढ लेते हैं ,तो दूसरे पक्ष के और कुछ और !! एक ही स्थिति पर या घटना पर एक पक्ष उसका कुछ और कारण बताता है ,तो दूसरा पक्ष उसका कुछ और ही !! मगर सच कभी भी सामने नहीं आता !! मूलतः कि वह जैसा हुआ करता है !!

मैं सोचता हूं कि लोगों की सोच पर अक्सर सच रोता होगा !! गनीमत है कि बाढ़-भूकंप जैसी प्राकृतिक घटनाओं में लोग इस तरह की बातें नहीं कर पाते ,वरना ऐसी घटनाओं में भी लोग एक-दूसरे पर उसका दोष मढ़ देते !!

और मीडिया भी तमाम मामलों में जिस प्रकार का मासूम और तटस्थ दिखना चाहता है , हकीकत में वैसा कभी कतई नहीं होता !! क्योंकि आखिरकार वह भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समुदाय द्वारा चलाया जा रहा है और उस व्यक्ति या समुदाय के भी अपने कोई न कोई निहित स्वार्थ या कोई न कोई पक्ष अवश्य होते हैं ।

तो इस प्रकार मीडिया के मामले में भी यह बात बिल्कुल वैसी ही है । कौन-सी घटना के किस हिस्से को कितना दिखाना है ? किस तरह दिखाना है ? किस हिस्से में आवाज को म्यूट कर दिया जाना है ? किस हिस्से में आवाज को उभार कर दिखाना है ? किस हिस्से के किस पॉइंट को किस डायलॉग के साथ में प्रस्तुत करना है ? और यह सब भी अलग-अलग मीडिया ग्रुप के द्वारा अलग-अलग सोच के मुताबिक अलग-अलग तरह से किया जाना है !!

मतलब घटनाक्रम तो एक ही है ,लेकिन उसे प्रस्तुत अलग-अलग लोगों द्वारा अलग-अलग तरह से किया जाना है !! इस प्रकार मीडिया भी एक किस्म की कला ही तो है !! कुल मिलाकर मीडिया भी जिस पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर सोच रहा होता है, वही पूर्वाग्रह देश के लोगों पर या विश्व के लोगों पर लादने की कोशिश करता है और निश्चित तौर पर मीडिया के मालिकों के भी निहित स्वार्थ हुआ करते हैं ,जिनके अनुसार उनके नुमाइंदों को काम करना होता है !!

अब अखबार के सरकुलेशन को ही लीजिए ना ! एक ही सरकुलेशन की रिपोर्ट पर विभिन्न अखबार उसे अपने-अपने पक्ष में किस प्रकार लेते हैं वही देख लीजिए ना !! कोई फलाने वर्ग में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला अखबार ! कोई क्षेत्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला अखबार !! कोई स्थानीय स्तर पर सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला अखबार !!तो कोई अपने सभी संस्करणों को मिलाकर गिनती में सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला अखबार !! कोई किसी खास हिस्से में सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला अखबार ! तो कोई किसी खास आय वर्ग में पढ़ा जाने वाला अखबार ! तो कोई किसी अन्य खास वर्ग में सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला अखबार !! तो इस प्रकार हम देखते हैं कि रिपोर्ट तो एक ही है ,लेकिन उसका हासिल अलग-अलग अखबारों के लिए अलग-अलग है !! तो जब एक ही सरकुलेशन के बाबत कितने तरह के परिणाम सामने आ सकते हैं ,तो साफ-साफ तौर पर सामाजिक और राजनीतिक घटनाओं के तो न जाने कितने ही कोण तलाशे जा सकते हैं और उन कोणों के अनुसार उनकी व्याख्या भी की जा सकती हैं ,बल्कि की ही जाती है !!

दोस्तों हममें से कोई भी निर्लिप्त नहीं होता और तटस्थ भी नहीं होता !! जो जो सुनना चाहता है ,उसी को सच समझता है ,जो नहीं सुनना चाहता, उसे वही झूठ लगता है !! सच और झूठ के इस धरती पर कोई मायने नहीं है ,सिवाय अपने स्वार्थों पर लीपापोती करने के !!

सच तो ही होता है, लेकिन वह क्या होता है, यह किसी को नहीं पता ......और साफ-साफ पता होने पर भी सब सच से बचना चाहते हैं ,मुकरना चाहते हैं अपनी-अपनी तरह से अपने-अपने सच को जीना ही सबको अच्छा लगता है ,प्यारा लगता है ,भले ही वो सबसे बड़ा झूठ ही हो !!

अपने अहसास को चुपचाप घोंटता रहता हूं

अपने अन्दर की कोई आवाज टोहता रहता हूं !!

तो आप सबों का एक झूठा मित्र
राजीव थेपड़ा उर्फ गाफिल

# आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की राह

धर्म

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

**आश्विन** महीने के कृष्णपक्ष की एकादशी को इंदिरा एकादशी कहा जाता है। पितृ पक्ष के दौरान पड़ने के कारण इसका एक नाम ह्यपितृ पक्ष एकादशीह्ल भी है। मान्यता है कि यह व्रत भक्तों को सभी कष्टों और समस्याओं से मुक्ति दिलाता है। विश्वास है कि एकादशी के दिन तुलसी पूजा करने से सौभाग्य और आरोग्य की प्राप्ति होती है। वहीं, इंदिरा एकादशी पितरों की मुक्ति के लिए सर्वोत्तम मानी जाती है।

पद्म पुराण के अनुसार इस एकादशी की ऐसी महिमा है कि जो व्यक्ति यह व्रत करके भगवान श्रीहरि विष्णु का विधिपूर्वक पूजन करता है, उसको जीवन उपरांत भी पुण्य-लाभ मिलता है तथा उसकी सात पीढ़ियों तक पितरों को तृप्ति मिलती है। इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं।

मान्यता है कि इस एकादशी पर विधिपूर्वक व्रत एवं पूजन कर इसके पुण्य को पूर्वजों के नाम से दान करने वाले भक्त के पूर्वजों को भी मोक्ष मिलता है। पुराणों में बताया गया है कि जितना पुण्य कन्यादान अथवा वर्षों तक तपस्या करने से प्राप्त होता है, उससे भी अधिक पुण्य की प्राप्ति केवल इंदिरा एकादशी का व्रत और भगवान श्रीहरि



विष्णु की विधिवत पूजा करने से हो जाती है।

इंदिरा एकादशी के दिन भगवान श्रीहरि विष्णु की तस्वीर अथवा मूर्ति की नहीं, बल्कि इनके शालिग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है। इंदिरा एकादशी आत्मिक शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति के लिए एक उत्तम अवसर माना जाता है। इस दिन विधि-विधान से व्रत, पूजन और अनुष्ठान करके भगवान श्रीविष्णु की कृपा प्राप्त की जा सकती है, जिससे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इसलिए इस पवित्र दिन को पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाना चाहिए।

शास्त्रों में इंदिरा एकादशी व्रत के शुभ अवसर पर ब्राह्मण, निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को यथाशक्ति दान देने की विशेष महिमा बताई गई है। मान्यता है कि इस दिन घी, दूध, दही एवं अन्न का दान करने से व्रती के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य का आगमन होता है तथा सेहत अच्छी रहती है। इस अवसर पर भूखे लोगों को भोजन कराने का भी विधान है। व्रत का उत्तम लाभ पाने हेतु व्रती भगवान श्रीहरि विष्णु की स्तुति एवं ह्यश्रीविष्णुसहस्त्रनामह्ल का पाठ करें। इंदिरा एकादशी को तुलसी, अशोक, आंवला, चंदन एवं पीपल अथवा इनमें से किसी एक वृक्ष का पौधा लगाने से भगवान श्रीहरि विष्णु तो प्रसन्न होते ही हैं, साथ ही पितरों को भी संतुष्टि मिलती है।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में वर्णन है कि एक बार पांडव राजा युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से इंदिरा एकादशी का महत्व जानने की इच्छा प्रकट की तो भगवान ने बताया कि इंदिरा एकादशी सभी पापों का नाश करने वाली है। यह व्रती के पितरों को मोक्ष प्रदान करती है। जो लोग मात्र इस व्रत की कथा भी ध्यान से सुन लेते हैं, उनको महान पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन गायत्री मंत्र का 108 बार जंप करने से व्रती को विशेष लाभ प्राप्त होता है। वहीं, आध्यात्मिक शक्ति और मन की शांति प्राप्त करने के लिए विशेष रूप से इस दिन दुर्गा चालीसा का पाठ करना चाहिए। इस प्रकार व्रत और पूजन करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव भी आता है। एकादशी 27 सितंबर को दोपहर 01:20 बजे शुरू होकर 28 सितंबर को दोपहर 02:49 बजे समाप्त होगी। इसलिए उदया तिथि के अनुसार इस बार इंदिरा एकादशी का व्रत 28 सितंबर को रखा जाएगा।

इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु के शालिग्राम स्वरूप को स्थापित करें और व्रत एवं पूजन करने का संकल्प लें। यदि अपने पितरों को इस व्रत का पुण्य प्रदान करना चाहते हैं तो अपने संकल्प में इसे भी अवश्य शामिल करें।

# शेयर बाजार में सूचीबद्धता की होड़

वर्ष के शुरूआती नौ महीनों में भारत में औसतन 848 करोड़ रुपये के आकार वाले 170 आईपीओ आये। यह किसी भी अन्य बाजार की तुलना में बड़ा था।

टाटा टेक्नॉलजीज की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (कढड) में निवेशकों ने अच्छी खासी रुचि दिखाई है क्योंकि यह लगभग दो दशकों में इस समूह की ओर से पहली प्राथमिक बाजार पेशकश है। इस इश्यू के माध्यम से 475 से 500 रुपये प्रति शेयर की दर से करीब 3,042 करोड़ रुपये की राशि जुटाने का लक्ष्य है।

अनाधिकारिक प्रतिभूति बाजार (ग्रे मार्केट) के 350 रुपये के प्रीमियम को देखते हुए माना जा सकता है कि यह शेयर ओवरसबस्क्राइब होगा तथा प्रीमियम दर पर सूचीबद्ध होगा।

टाटा टेक्नॉलजीज को इंजीनियरिंग से जुड़ी सुविधाओं के लिए अच्छी ख्याति हासिल है और यह देश के सबसे बड़े कारोबारी समूहों में से एक की ओर से संचालित है। इस कंपनी के अलावा भी यह वर्ष आमतौर पर उन कंपनियों के लिए बेहतर रहा है जो प्राथमिक बाजार में पहुंच कायम करना चाहती हैं।

वर्ष 2023 के शुरूआती नौ महीनों में भारत में औसतन 848 करोड़ रुपये के आकार वाले 170 आईपीओ आए। यह किसी भी अन्य बाजार की तुलना में बड़ा था। सबसे अधिक 4,000 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई जबकि कुछ आईपीओ 100 करोड़ रुपये से कम मूल्य के भी थे।

इसके अलावा 25 से अधिक अन्य कंपनियों ने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस पेश किया है, यानी वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ऐसे और इश्यू सामने आ सकते हैं। यह प्रॉस्पेक्टस तब पेश किया जाता है जब संभावित निवेशकों के समक्ष कोई नया कारोबार या उत्पाद पेश किया जाता है।

यह गतिविधि प्रमुख रूप से दो वजहों से प्रेरित रही है। पहला है एक मजबूत द्वितीयक बाजार जहां अधिकांश क्षेत्र अच्छा कारोबार करते हैं।




कंपनियां तब चोट करना चाहती हैं जब लोहा गर्म हो। मजबूत द्वितीयक रुझान और प्रदर्शन अनुकूल प्राथमिक बाजार का माहौल तैयार करते हैं।

कंपनियां चाहती हैं कि बाजार रुझान में संभावित बदलाव आने के पहले जरूरत की धनराशि जुटा लें। दूसरा कारक एक व्यापक वापसी जैसा प्रतीत होता है। छोटे फाइनैंस बैंक, आभूषण, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, अधोसंरचना, स्वागत उद्योग और जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में इश्यू देखने को मिले हैं। इनका मझोला आकार यही दशार्ता है कि मध्यम आकार की कंपनियां भी बाजार तक पहुंचने में कामयाब हैं। यह छोटे और मझोले उपक्रम क्षेत्र में सुधार का संकेत हो सकता है जो बहुत उत्साहित करने वाली बात है क्योंकि सबसे अधिक रोजगार वहीं सृजित होते हैं।

प्राथमिक बाजार को उस समय संघर्ष करना पड़ता है जब खुदरा भागीदारी कम होती है। फिलहाल ऐसा बिल्कुल नहीं है। इस अवधि में खुदरा कोटा ओवरसबस्क्राइब रहा है। निश्चित तौर पर खुदरा निवेशक अपनी बचत लगातार कई सालों से शेयरों में लगा रहे हैं। उन्हें म्युचुअल फंड के माध्यम से भी योगदान दिया गया है जो इक्विटी म्युचुअल क्षेत्र में निरंतर पूंजी प्रवाह में नजर भी आता है।

यह मोटे तौर पर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से किया गया। इससे यह संकेत भी निकलता है कि कुछ हद तक घरेलू बचत शेयरों की ओर स्थानांतरित हो रही है। आईपीओ इश्यू के सख्त मानदंडों, सूचीबद्धता के शेड्यूल और बाजार नियामक द्वारा समुचित जांच परख से भी सहजता मिली होगी।

एक ओर जहां घरेलू निवेशकों में सकारात्मक माहौल है, वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुझान मिलाजुला रहा है। हालांकि ये निवेशक बाजार नियामक से मांग करते रहे हैं कि आवंटन कोटा बढ़ाया जाए तथा प्रक्रियाओं को सहज किया जाए ताकि भागीदारी में इजाफा किया जा सके।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के सख्त रुख के कारण जोखिम से बचाव का रवैया अपनाया गया है जिसका परिणाम कई महीनों की विशुद्ध बिकवाली के रूप में सामने आया है। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति कम होती दिख रही है जो आमतौर पर बाजार के लिए अच्छी बात है। आने वाले महीनों में वैश्विक हालात के अलावा घरेलू राजनीतिक घटनाक्रम भी रुझान तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

बाजार और निवेशक स्थिरता तथा नीतिगत निरंतरता को तवज्जो देते हैं। व्यापक स्तर पर देखें तो नई सूचीबद्धता और प्राथमिक बाजार की स्थिति उत्साह बढ़ाने वाली है। इससे न केवल कंपनियों को बाजार से धन जुटाने में मदद मिल रही है बल्कि यह आर्थिक गतिविधियों के लिए भी सकारात्मक रहेगा। सूचीबद्ध कंपनियों की बढ़ती सूची धन प्रबंधकों को फंड के किफायती आवंटन में भी सक्षम बनाएगी।

# चीन में मंदी से भारत सबसे कम प्रभावित: डेटा

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, चीन में मंदी और उनके बेंचमार्क उपायों के खराब प्रदर्शन से भारत सबसे कम प्रभावित है।

हालांकि दुनिया भर से चुनौतियां भारतीय बाजारों को प्रभावित कर रही हैं, लेकिन चीन में मंदी उनमें से एक नहीं है। गोल्डमैन सैक्स ने अपने विश्लेषण में पाया कि जब भारतीय स्टॉक ऊपर जाते हैं, तो चीनी स्टॉक नीचे जाते हैं।

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, चीन में मंदी और उनके बेंचमार्क उपायों के खराब प्रदर्शन से भारत सबसे कम प्रभावित है। इसके विपरीत, हांगकांग, थाईलैंड, ताइवान और मलेशिया उन देशों में से हैं जिनकी किस्मत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के साथ निकटता से जुड़ी हुई है।

गोल्डमैन सैक्स ने एक नोट में कहा, ह्लहाई जियो-पुलिटिकल रिस्क और चीन की आर्थिक चुनौतियों के बारे में चिंताएं हैं जो क्षेत्र में समग्र विकास को प्रभावित कर रही हैं ह्लहालांकि, भारत चीन की मांग से कम जुड़ा है और उसके शेयर बाजार में चीन की धीमी वृद्धि के प्रति संवेदनशीलता कम है। इसका मतलब यह है कि भारत इन वैश्विक जोखिमों के प्रति कम संवेदनशील है।

ब्रोकरेज ने 2024 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए कुछ चुनौतियों की ओर इशारा किया है, जैसे दुनिया भर में धीमी वृद्धि, उच्च वैश्विक ब्याज दरें, अल्पावधि में डॉलर की निरंतर ताकत, बढ़ती भूराजनीतिक अनिश्चितताएं और चीन में कम वृद्धि।

गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2024 में ग्लोबल 2.6% (2023 में 2.7% से थोड़ा कम) बढ़ेगा। जापान को छोड़कर एशिया में विकास दर 5.1% से घटकर 4.7% होने की उम्मीद है, इसका मुख्य कारण यह है कि चीन की वृद्धि दर 5.3% से घटकर 4.8% रह गई है।

भारत के लिए, गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्रियों को 2024 में 6.3 प्रतिशत की स्थिर सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि की उम्मीद है, जबकि 2023 में यह 6.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) होगी।

गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में विकास को चुनाव से संबंधित खर्चों से बढ़ावा मिलेगा, जिससे उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलेगा। चुनाव के बाद निवेश वृद्धि में फिर से तेजी आने की उम्मीद है, खासकर प्राइवेट सेक्टर से।

**चीन में नयी महामारी के बीच भारत के पास खुद को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने का मौका: रिपोर्ट**

चीन में श्वसन संबंधी महामारी फैलने के बीच भारत अपनी आपूर्ति-श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में निवेश कर खुद को वैश्विक ह्यमैन्युफैक्चरिंग हबह्ल के तौर पर स्थापित कर सकता है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (ॠळफक) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे क्षेत्रों में अपने कार्यबल और विनिर्माण क्षमता का लाभ उठा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन में मानव-पशु संपर्क के कारण कई संक्रमण फैले हैं। इनमें 2019 में कोविड-19, 2013 में एच7एन9 बर्ड फ्लू, 2014 में एच5एन6 बर्ड फ्लू और 2021 में एच10एन3 बर्ड फ्लू शामिल हैं।

हालांकि, इन संक्रमणें के अलग-अलग प्रभाव थे, लेकिन कोविड-19 विशेष रूप से एक वैश्विक महामारी में बदल गया। ये महामारियां, विशेष रूप से कोविड-19 ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और विनिर्माण के लिए चीन पर निर्भरता के फिर से मूल्यांकन को प्रेरित किया है। कंपनियां जोखिमों को कम करने के लिए आपूर्ति स्त्रोतों में विविधता लाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ह्लभारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में निवेश करके लाभ उठाने की स्थिति में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी साल मध्य अक्टूबर से चीन के उत्तरी भाग में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारी बढ़ रही है, जो कोविड-19 प्रतिबंध हटने और ठंड के मौसम की शुरूआत से जुड़ी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने 26 नवंबर को एक बयान में कहा है कि भारत सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। सरकार ने संकेत दिया कि फिलहाल खतरे की कोई जरूरत नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन 90 प्रतिशत से अधिक लैपटॉप की आपूर्ति करता है और अधिकतर उकपरणों का उत्पादन घर में ही करता है। यही बात वॉशिंग मशीन, सोलर पीवी सेल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी पर भी लागू होती है।

इसमें कहा गया, किसी भी कारण से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है तो पूरी दुनिया प्रभावित होगी। कोविड ने दवाई के मामले में यह बता दिया था। इस मामले में, मोबाइल फोन और लैपटॉप की दुनियाभर में आपूर्ति के लिए इनके स्थानीय विनिर्माण के भारत के प्रयास का स्वागत किया जाना चाहिए।

# ग्रामीणों की एसआईपी में निवेश में रूचि बढ़ी

**ग्रामीण** इलाकों से मिल रहे ज्यादा रकढ खाते, हालांकि निवेश की रकम छोटी


मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही।

म्युचुअल फंड 30 बड़े शहरों (टी-30) के मुकाबले ग्रामीण इलाकों (बी-30) में नए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान वाले नए खातों में ज्यादा वृद्धि से रूबरू हो रहा है। हालांकि इन इलाकों से मिलने वाला औसत निवेश बड़े शहरों या केंद्रों के मुकाबले काफी कम है।

एसोसिएशन ऑफ म्युचअल फंड्स इन इंडिया (अटऋक) के आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण इलाकों ने एसआईपी के जरिये म्युचुअल फंडों को औसतन 1,725 रुपये का योगदान किया, जो अग्रणी शहरों के निवेशकों के निवेश के औसत आकार 2,940 रुपये से 70 फीसदी कम है।

अक्टूबर में बी-30 शहरों के निवेशकों का 3.73 करोड़ एसआईपी खातों के जरिये सकल निवेश 6,436 करोड़ रुपये रहा जबकि टी-30 के निवेशकों ने 3.57 करोड़ खातों के जरिये 10,492 करोड़ रुपये का योगदान किया। बी-30 में एसआईपी खातों का जुड़ाव और एसआईपी निवेश टी-30 के मुकाबले ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ रहा है।

मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही। इसके साथ ही बी-30 में सक्रिय एसआईपी खातों ने टी-30 की संख्या को पीछे छोड़ दिया और




यह 17 फीसदी की बढ़त के साथ अप्रैल 2023 के 3.17 करोड़ खातों के मुकाबले अक्टूबर के आखिर में 3.73 करोड़ पर पहुंच गई।

म्युचुअल फंड के अधिकारियों ने कहा कि बी-30 क्षेत्र बेहतर वृद्धि दर्ज कर रहा है। इसका कारण जागरूकता में इजाफा और नई पीढ़ी के निवेश विकल्पों की बढ़ती स्वीकार्यता है।

मिरे ऐसेट एमएफ के वाइस चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी स्वरूप मोहंती ने कहा कि महामारी के बाद हम दो चीजें एक साथ देख रहे हैं। पहला, वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ते कदम और दूसरा, एसआईपी के जरिये देश के छोटे शहरों में म्युचुअल फंडों का प्रसार। यह काफी अच्छा संकेत है क्योंकि ज्यादा भारतीय निवेशक पूंजी बाजारों के जरिये अब भारत के विकास की कहानी में हिस्सेदार बनेंगे।

हालांकि बी-30 के एसआईपी खातों में तीव्र बढ़ोतरी ने निवेश का आकार घटा दिया है। नवंबर 2021 में बी-30 में निवेश का आकार 1,757 रुपये था, जो अक्टूबर 2023 में घटकर 1,725 रुपये रह गया। इसकी तुलना में टी-30 में निवेश का औसत आकार पिछले दो साल में 2,794 से 2,940 रुपये पर आया है।

छोटे शहर म्युचुअल फंडों का ज्यादा ध्यान खींच रहे हैं क्योंकि वहां वृद्धि की ज्यादा गुंजाइश है। विगत वर्षों में फंड हाउस ने इन इलाकों में काफी शाखाएं खोली हैं। उन्होंने वैयक्तिक वितरकों व बैंकों के साथ गठजोड़ के जरिये अपनी वितरण ताकत बढ़ाई है।

हालांकि उद्योग की बी-30 योजना को मार्च 2023 में तब झटका लगा जब बाजार नियामक सेबी ने बी-30 के प्रोत्साहन ढांचे पर रोक लगी दी। इसके तहत फंड हाउस बी-30 से निवेशक हासिल करने के लिए वितरकों को ज्यादा प्रोत्साहन देते थे।

# इमर्जिंग मार्केट बास्केट में भारत का वजन बढ़ा

**ईएम इंडेक्स** में भारत का भारांक अब तक के सर्वोच्च स्तर 16.3 फीसदी पर पहुंच जाएगा और शेयरों की संख्या बढ़कर 131 हो जाएगी।

हाल के वर्षों में उभरते बाजारों के बास्केट (शेयरों) में भारतीय इक्विटी बाजार को खासी बढ़त हासिल हुई है। साल 2018 से एमएससीआई ईएम इंडेक्स (जिसे करीब 500 अरब डॉलर की परिसंपत्ति वाले पैसिव फंड ट्रैक करते हैं) में भारत का भारांक दोगुना हो गया है, वहीं देसी शेयरों की संख्या करीब 70 फीसदी बढ़ी है।

इस महीने के आखिर से प्रभावी होने वाले एमएससीआई पुनसंर्तुलन के बाद ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक अब तक के सर्वोच्च स्तर 16.3 फीसदी पर पहुंच जाएगा और शेयरों की संख्या बढ़कर 131 हो जाएगी। साल 2018 में भारत का भारांक 8.2 फीसदी था जबकि इंडेक्स में शेयरों की संख्या 78 थी। यह जानकारी आईआईएफएल ऑल्टरनेटिव रिसर्च के आंकड़ों से मिली। आईआईएफएल इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीराम वेलायुधन ने कहा कि विभिन्न वर्षों में भारांक में हुए इजाफे की कई वजहें हैं। मात्रात्मक मोर्चे पर बड़े फ्री-फ्लोट मार्केट कैप वाली भारतीय कंपनियां इस इंडेक्स से जुड़ी हैं, जिनकी संख्या में इजाफा हुआ है।गुणवत्ता के लिहाज से हालांकि भारत विभिन्न उद्योगों में ताइवान के मुकाबले बेहतर विविधता की पेशकश करता है जबकि ताइवान में सेमीकंडक्टर सेक्टर का ज्यादा संकेंद्रण है। चीन के कमजोर प्रदर्शन और भारत की स्थिर वृद्धि व अनुकूल जनसंख्या व उसकी विशिष्टता ने भी इंडेक्स में ज्यादा भारांक हासिल करने में मदद की है।

व्यापक तौर पर ट्रैक किए जाने वाले वैश्विक इंडेक्स में ज्यादा प्रतिनिधित्व से कई घरेलू शेयरों में ज्यादा विदेशी निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी।

नुवामा ऑल्टरनेटिव ऐंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के प्रमुख अभिलाष पगारिया ने कहा कि भारत का भारांक दोगुना होना उल्लेखनीय कामयाबी है और इसके पीछे कई कारक मसलन साल 2020 में विदेशी स्वामित्व की सीमा में इजाफा, व्यापक बाजारों में काफी तेजी और अन्य बाजारों, मुख्य रूप से चीन, के मुकाबले अपेक्षाकृत उम्दा प्रदर्शन है।

पगारिया ने कहा कि देसी व विदेशी प्रतिभागियों के स्थिर निवेश की बदौलत भारत में एमएससीआई ईएम इंडेक्स में अपनी हिस्सेदारी साल 2024 तक 20 फीसदी के पार ले जाने की क्षमता है।

मोटे तौर पर भारत आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को दो भागों में बांटा जा सकता है झ पैसिव (ईटीएफ के जरिये) और पैसिव (गैर-ईटीएफ)। इंडेक्स फंडों के जरिये निवेश की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच विभिन्न वर्षों में ईटीएफ ने ज्यादा लोकप्रियता हासिल की है।

उदाहरण के लिए सूचीबद्ध वैश्विक फंडों ने सितंबर में भारतीय इक्विटी बाजारों में 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है, जिससे माह के दौरान हुई कुल निकासी को 50 करोड़ डॉलर के स्तर पर लाने में मदद मिली। एमएससीआई ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है और दोनों के बीच पिछले कुछ वर्षों में अंतर कम हुआ है। ऐक्सिस म्युचुअल फंड के नोट में कहा गया है कि एमएससीआई ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक साल 2013 के 6.4 फीसदी से बढ़ा है जबकि तब चीन का भारांक 42.5 फीसदी था। अब चीन का भारांक 29.55 फीसदी रह गया है।

ऐक्सिस एमएफ के नोट में कहा गया है कि वर्षों तक क्षेत्रीय बेंचमार्क सूचकांकों में भारत का प्रतिनिधित्व काफी कम था। लेकिन यह धीरे-धीरे बदल रहा है और भारतीय कंपनियों की वृद्धि के जरिये भारत ने लंबा रास्ता तय किया है।

## मोदी सरकार के 100 दिन जारी रहे सुधार प्रक्रिया

**देश** की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के संदर्भ में, जो कि रोजगार तैयार करने के लिए आवश्यक है, सरकार ने 12 औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक कॉरिडोर कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार ने मंगलवार को अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर लिए। संयोगवश मंगलवार को ही मोदी का 74वां जन्मदिन भी था जिसके बारे में सरकार की ओर से कहा गया कि उसे कई विभागों द्वारा ह्यसेवा पखवाड़ाह्ल के आरंभ के रूप मे मनाया जा रहा है। यह पखवाड़ा 2 अक्टूबर को समाप्त होगा।

केंद्र सरकार ने पहले 100 दिन में कई निर्णय लिए हैं जिनमें कई अधोसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी देना शामिल है। बड़े निर्णयों की बात करें तो केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों के लिए मंजूर कर दिया है।

देश की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के संदर्भ में, जो कि रोजगार तैयार करने के लिए आवश्यक है, सरकार ने 12 औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक कॉरिडोर कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। रोजगार का मसला हल करने के लिए नई सरकार के पहले पूर्ण बजट में कंपनियों के लिए प्रोत्साहन की घोषणा की गई ताकि वे लोगों को काम पर रखें। इसके अलावा देश की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप की घोषणा भी की गई।

सरकार ने पहले 100 दिन में कई निर्णय लिए हैं जिनका व्यापक संदेश यही है कि चरणबद्ध तरीके से सुधारों की प्रक्रिया जारी रहेगी। यह बात कैबिनेट निर्माण में भी नजर आई। अधिकांश आर्थिक और सुरक्षा संबंधी नेतृत्व पिछले कार्यकाल वाला ही है। बहरहाल, इस सरकार का ढांचा पिछली दो सरकारों से बहुत अलग है। 2014 के बाद से पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अपने साझेदारों पर निर्भर है। अगर पहले 100 दिन को संकेत माना जाए तो उसे आगे चलकर साझेदारों के साथ और अधिक मशविरे और तालमेल के साथ काम करना होगा। यह लैटरल भर्ती के निर्णय को वापस लेने में भी नजर आया। गठबंधन के कई अहम साझेदारों ने इसमें आरक्षण के मुद्दे पर सवाल उठाए। इसके अलावा अब सरकार को अधिक मुखर और उत्साहित विपक्ष का सामना करना पड़ रहा है जो 2014 के बाद अपनी सबसे मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।


## म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया मैन्युफैक्चरिंग फंड, 4 अक्टूबर तक इसमें लगा सकेंगे पैसा

कंपनी ने कहा कि नई फंड पेशकश को चार अक्टूबर तक खरीदा जा सकेगा जबकि इस योजना के तहत यूनिट का आवंटन 11 अक्टूबर को किया जाएगा।

भारतीय जीवन बीमा म्यूचुअल फंड ने शुक्रवार को एक नया मैन्युफैक्चरिंग फंड पेश किया, जो विनिर्माण क्षेत्र पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है। कंपनी ने कहा कि नई फंड पेशकश को चार अक्टूबर तक खरीदा जा सकेगा जबकि इस योजना के तहत यूनिट का आवंटन 11 अक्टूबर को किया जाएगा। इस योजना को निफ्टी इंडिया विनिर्माण सूचकांक के मानक पर रखा जाएगा।

म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी आर. के. झा ने कहा, ह्यह्यभारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेजी से होते शहरीकरण, मध्यम वर्ग की बढ़ती आबादी, निर्यात प्रोत्साहन व पीएलआई योजना और मेक-इन-इंडिया जैसी नीतिगत पहलें विनिर्मित वस्तुओं की मांग को बढ़ा रही हैं।

कंपनी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र के दायरे में आने वाली कंपनियों का एक विविध खंड प्रदान करना है, जिसमें वाहन, दवा, रसायन, भारी इंजीनियरिंग उत्पाद, धातु, जहाज निर्माण तथा पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं।



## विवाद से विश्वास योजना 2024



अजयदीप बाधवा

2020 की विवाद से विश्वास योजना की सफलता और आयकर विवादों के बढ़ते लंबित मामलों से प्रभावित होकर, भारत सरकार ने विश्वास स्कीम 2014, 1 अक्टूबर 2024 से शुरू करने की घोषणा की है। डायरेक्ट टैक्स विवाद से विश्वास स्कीम-2024 के तहत कर दाता को लंबे समय से पेंडिंग विवादित मामले के निपटारे का मौका मिलेगा। 31 दिसंबर, 2024 तक टैक्सपेयर्स कम पेनाल्टी और कम इंटरेस्ट चुकाकर इस स्कीम का फायदा उठा सकते हैं।

ध्यान देने योग्य है कि अगर कोई कर से संबंधित विवाद/अपील, जिसमें रिट और विशेष अनुमति याचिकाएं (अपील) भी शामिल हैं, चाहे करदाता या कर अधिकारियों द्वारा दायर की गई हों, 22 जुलाई 2024 तक निम्नलिखित मंचों के समक्ष लंबित हैं तो उसे इस योजना में शामिल किया जा सकता है - सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, आयुक्त/संयुक्त आयुक्त (अपील), विवाद समाधान पैनल (डीआरपी)( जहां डीआरपी निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन अंतिम मूल्यांकन आदेश की प्रतीक्षा है), आयकर आयुक्त के समक्ष लंबित पुनरीक्षण याचिकाएं आदि।

वास्तव में इस योजना का एक मुख्य उद्देश्य लंबित विवादों और मुकदमों की संख्या को कम करना है, ताकि कर दाता का अन्यावश्यक खर्च भी बच सके।

इस योजना के अंतर्गत बकाया या उसके अंतर्गत की गई घोषणा को या घोषणा के अंतर्गत शामिल मुद्दों के संबंध में की चर्चा को करदाता या कर प्राधिकरण के लिए भविष्य में मिसाल नहीं माना जाएगा।

हालांकि कुछ मामलों में यह योजना लागू नहीं होगी, जैसे कि तलाशी और जब्ती, अभियोजन, विदेश में स्थित अघोषित आय/संपत्ति, अन्य निर्दिष्ट कानूनों के तहत कार्यवाही शुरू करना आदि।

ऐसे मामले जिनमें 22 जुलाई 2024 तक आदेश पारित हो चुके हैं और अपील नहीं की गई है, लेकिन अपील दायर करने की समय सीमा समाप्त नहीं हुई है, वे इस योजना के अंतर्गत नहीं आएंगे। करदाता इस योजना का लाभ उठाकर विवादों को समाप्त कर अपने खर्च और मानसिक चिंता को बहुत हद तक कम कर सकते हैं।

**(कर सलाहकार रांची)9431107515**

# इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आज से, ज्ञान और सीखने की क्षमता व नवाचार संचार में मिलेगी मदद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंस्टीच्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय, सरायकेला (जो एजुकेशनल एंड सोशल डेवलपमेन्ट ट्रस्ट के अधीन एक शिक्षण संस्थान है) के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस : रिसर्च ट्रेंडस, इमर्जिंग टेक्नोलोजी एंड इनोवेशन विषय तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स का आयोजन दिनांक 26, 27 एवं 28 सितम्बर को किया जायेगा।

उक्त जानकारी संस्थान के निदेशक आरएन महंती ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि इस कान्फ्रेन्स के द्वारा हमें ज्ञान और सीखने की क्षमता तथा नवाचार, संचार आदि में मदद मिलेगी। संवाददाता सम्मेलन में महाविद्यालय की सचिव श्रीमती (डॉ.) स्वीटी सिन्हा एवं अन्य उपस्थित थे।

निदेशक आरएन महंती ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा, प्रायोजक इंस्टीच्यूट फॉर एजुकेशन महाविद्यालय के निदेशक आर एन महांती, अध्यक्ष प्रो शुक्ला महांती, आयोजक समिति की अध्यक्ष श्रीमती डॉ स्वीटी सिन्हा, प्राचार्या, इंस्टीच्यूट फॉर एजुकेशन करेगा।



**संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते निदेशक आरएन महंती। साथ में प्राचार्या स्वीटी सिन्हा व अन्य।**

सेमिनार के उद्‌घाटन सत्र गुरुवार को दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। कार्फ्रेंस के मुख्य बिन्दु पर प्रकाश डालेंगे प्रो. नारायण सी. देवनाथ, इंस्र्टन अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वियतनाम विशिष्ट अतिथि श्री दुर्गेश पंत, डी.जी. साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी कॉउन्सिल, देहरादून अध्यक्षीय भाषण मुख्य अतिथियों के सम्मान में नोट प्रस्तुत करेंगे श्री हरि कुमार केसरी, डिविजनल कमिश्नर सह कुलपति, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा। टेक्नीकल सेशन 1 - डॉ. टेडीवा इलीसा, नवामासवीसाबा (इन्फ्रास्ट्रक्चर यूनिर्वसिटि ऑफ कुवालालम्बपुर, मलेशिया) विशेषज्ञ रहेंगे। पेपर प्रस्तुत करेंगे - सामेन्द्र दास (आर्गनाईजर, आइ.सी.ए.आर., राष्ट्रीय इंस्टीच्यूटर ऑन फूड एण्ड मोउह दिसेया, अरूगूल सह डॉ. सुकांता कुमार प्रधान, उडत्रीसा, विश्वविद्यालय ऑफ एग्रीकल्चर एवं टेक्नालॉजी साथ ही अनेक प्रतिभागियों द्वारा पेपर प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में सरायकेला का छऊ नृत्य की प्रस्तुति होगी जबकि डॉ स्वीटी सिन्हा समापन भाषण देंगे। द्वितीय दिवस दिनांक 27.09.2024 को टेक्नीकल सेशन के विशेषज्ञ अलयासा पाटरिका बी. डो. यूमपो, इंजीनियर पोलीटेकनीक विश्वविद्यालय ऑफ दी फिलीपिंस, समर्थक प्रो.नारायण सी देवनाथ, ईस्टर्न अंतर्राष्ट्रीय विवि, वियतनाम। मुख्य अतिथि डॉ दारा सिंह गुप्ता, एनएसएस कोऑर्डिनेटर, कोल्हान विश्वविद्यालय आयोजक - प्रो राजेश तिवारी, प्राचार्य आरवीएस इंजिनियिरिंग कॉलेज, जमशेदपुर, झारखण्ड। पेपर प्रस्तुत डॉ. सुरिया नारायण रथ, भावना कुमारी, हर्षित कुमार, विश्व राज लाल आदि होंगे। इस दिन टेक्नीकल सेशन 2 - पेपर प्रस्तुति डॉ. विश्वम्भर पाठक, बी.आई.टी. मेसरा, जयपुर। डॉ. सतिश चन्द्रा, महेन्द्र विश्वविद्यालय, हैदराबाद। समापन भाषण प्रियंका कुमार देंगे।

डा आरएन महंती ने बताया कि तृतीय दिवस दिनांक 28.09.2024 के मुख्य विशेषज्ञ डॉ. दियानजाल सेरेसटा, उप-प्रधानाचार्य, पोखारा विश्वविद्यालय, फैकल्टी ऑफ साईन्स एण्ड टेक्नालॉजी, स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग, लेक्नाथ, नेपाल होंगे। समर्थक अलमासा पाटरिका, बी आकानेपा मेटश अनिला इलेक्ट्रॉनिक इंजिनियर पालेटेक्निक विश्वविद्यालय, फिलिपीन्स।

## स्पीड न्यूज

### आपत्तिजनक हालत में पकड़ाया हेडमास्टर

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से सटे घाटशिला में भारत सेवाश्रम संघ द्वारा संचालित प्रणवानंद विद्या मंदिर उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू के पति राम किशोर मुर्मू को बुधवार की शाम 6 बजे एक छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ा। इससे पूर्व स्कूल के सामने से गुजर रहे चार ग्रामीणों ने इस दौरान एक वीडियो भी बनाया। इस 35 सेकंड के वीडियो में रामकिशोर मुर्मू नग्न अवस्था में अपनी पेंट पहनते दिखाई पड़ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत स्कूल के पहले माले पर जाने के लिए सीढियों से की गई है। छात्रा के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने हेडमास्टर की जमकर धुनाई की। उसके बाद ग्रामीणों के सामने रामकिशोर ने अपना अपराध स्वीकार किया। सूचना मिलते ही तेज बारिश के बीच 200 से ज्यादा ग्रामीण बड़ाजोड़ी स्कूल में जुट गये और रामकिशोर मुर्मू से सवाल जवाब का दौर शुरू हुआ। घटना के लगभग डेढ़ घंटे बाद घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन डे दल-बल के साथ पहुंचे और आरोपी रामकिशोर को हिरासत में लिया और उसे थाने ले गई। उधर इस संबंध में रामकिशोर मुर्मू ने बताया कि वह इस विद्यार्थी को पढ़ने के लिए आया था। उसने कहा कि उसे समय इस छात्रा के अलावा दो और छात्राएं भी मौजूद थी, जबकि ग्रामीणों का कहना था कि इस छात्रा के अलावा और कोई भी स्कूल परिसर में मौजूद नहीं था।

### टाइगर जयराम और हेहल स्पोटिंग क्वाटर फाइनल में पहुंची



**सिकिदिरी।** टाइगर जयराम स्पोटिंग व हेहल स्पोटिंग रांची की टीम 19वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूनार्मेंट के क्वारटरफाइनल में पहुंच गई। बुधवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गए बेहद रोमांचक मुकाबले में टाइगर जयराम स्पोटिंग ने विदेशी खिलाड़ियों से सुसज्जित निर्मल ब्रदर्श को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। पेनाल्टी शूटआउट में दो शानदार बचाव करने वाले टाइगर जयराम स्पोटिंग के संदीप महतो मैन आफ दी मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि कुलप्रकाश मेमोरियल नर्सिंग कालेज अनगड़ा के संस्थापक कुलदीप सिंह व विशिष्ट अतिथि युवा नेता राज कच्छप ने प्रदान किया। दूसरे मैच हेहल स्पोटिंग व जसपुरिया बीएड कालेज बीसा के बीच खेला गया। हेहल की टीम 2-0 से विजयी रही। दोनों टीमों ने काफी तेज खेल दिखाया। हेहेल की ओर से शिकशंकर ने नौवें मिनट में व नाइजीरिया के खिलाड़ी जोसेफ ने शानदार गोल दागा। हेहल के लिए शानदार प्रदर्शन करनेवाले शुभंकर को मैन आफ मैच का पुरस्कार भाजपा नेता अनूप सिंह व विशिष्ट अतिथि ने प्रदान किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 55 लाख ठगी करने वाला धराया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गत 23 अगस्त 2024 को एक व्यक्ति से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 55 लाख रुपए, साइबर अपराधियों के द्वारा ठगी का शिकार बनाया गया था। साइबर थाना में दर्ज कांड का उद्भेदन करने हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, किशोर कौशल के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कांड का उद्भेदन कर फर्जी कंपनी एनए टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक कपाली बंधुगोड़ा निवासी नदीम अंसारी को मोबाइल तथा मोबाइल में लगे सिम के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

नदीम का गिरोह न केवल जमशेदपुर बल्कि देशभर के लोगों से साइबर धोखाधड़ी करता था।



**नदीम अंसारी को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते ग्रामीण सह सिटी एसपी ऋषभ गर्ग।**

पुलिस की जांच में पता चला कि पिछले 10 दिनों के भीतर नदीम के बैंक खाते से 4.21 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है।

बुधवार को ग्रामीण सह प्रभारी सिटी एसपी ऋषभ गर्ग ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 23 अगस्त को मुसाबनी के तनवरुल एरेफिन से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 55 लाख रुपये की साइबर ठगी की गई थी। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि ठगी के कुछ पैसे यूको बैंक के एक खाते में गए हैं, जो कि नदीम अंसारी के नाम पर है। पुलिस ने नदीम अंसारी को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की, तो उसने स्वीकार किया कि वह यूको बैंक में एनए टूर एंड ट्रेवल्स के नाम से फर्जी करंट अकाउंट चला रहा था। इस खाते में उसके अन्य साथियों द्वारा की गई साइबर ठगी के पैसे जमा होते थे। नदीम को इन पैसों का 10 प्रतिशत कमीशन मिलता था। पुलिस ने नदीम के पास से एक मोबाइल भी बरामद किया, जिसमें कई लेनदेन के प्रमाण मिले हैं। बैंक अकाउंट से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 10 दिनों में 4.21 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। हालांकि, फिलहाल खाते में कोई राशि नहीं है।

**पुलिस कर रही गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश**

नदीम ने पुलिस को बताया कि वह अपने मामा और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर साइबर ठगी का काम कर रहा था। अब तक कई लोगों को धोखा दिया जा चुका है और ठगी के पैसे उसके खाते में जमा होते थे। फिलहाल, पुलिस उसके मामा और अन्य साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

## एक नजर में

### श्रीनाथ विवि में फार्मेसी दिवस मनाया गया



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के श्रीनाथ कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष का विषय फार्मासिस्ट : वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना रहा जिसके माध्यम से फार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीआई के सदस्य धर्मेंद्र सिंह थे। साथ ही सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के मीडिया इंचार्ज श्री मनी मोहंती और सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के महासचिव दीपक शर्मा भी कार्यक्रम मे शामिल हुए। जिन्होंने फार्मासिस्टो के कार्य और समाज में उनके योगदान से लोगों को अवगत कराया। मौके पर छात्रों ने प्रश्नोत्तरी, पोस्टर प्रतियोगिता और रंगोली जैसे विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किये गये। मौके पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ एसएन सिंह ने फार्मासिस्ट पेशे का स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्व को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने महामारी से लड़ने और वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने में उनकी भूमिका पर भी जोर दिया।

### स्वच्छता ही सेवा 2024 : विद्या भारती चिन्मया विद्यालय के छात्रों ने बनायी मानव श्रृंखला




**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग ने 'स्वच्छता ही सेवा 2024' अभियान के अंतर्गत जेएनएसी के निरंतर मार्गदर्शन और निर्देशन का पालन करते हुए सजगतापूर्वक विद्यालय सदस्यों को स्वच्छता ही सेवा पहल में भाग लेने हेतु कड़ी से जोड़ा। स्वच्छता संबंधी विचारों को प्रदर्शित करने के लिए विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के लगभग 400 छात्र एवं 30 शिक्षक और उप कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला के रूप में विद्यालय परिसर के दोनों ओर दो दिशाओं में,आसपास के क्षेत्र में घूमें; स्वच्छता संबंधी नारे लगाए और सभी को अपने आसपास हर जगह स्वच्छता संबंधी शिष्टाचार का पालन करने की याद दिलायी। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री विष्णु चंद्र दीक्षित उक्त महत्त्वपूर्ण अभियान के प्रति विद्यार्थियों को सदैव प्रोत्साहित करते रहे हैं। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू के अनुसार सामूहिक प्रयास की शक्ति से बड़े से बड़े कार्य भी संपन्न हो सकते हैं; ऐसा ही एक महान कार्य है समाज में स्वच्छता, सफाई और सफाई को निरंतर बनाए रखना; जिसके लिए विद्यालय स्वयं भी जागरुक है और अपने आस-पड़ोस को भी जागरूक करता रहा है।

### कांदरबेड़ा : विधायक सविता महतो ने 400 फीट पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**चांडिल।** ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो ने मंगलवार को कांदरबेड़ा माहलीपाड़ा के घासिराम लोहार के घर से सरकारी तालाब तक साढ़े पांच लाख रुपए की लागत से विधायक निधि से बनने वाले चार सौ फिट पीसीसी सड़क का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा इस सड़क के बन जाने से यहां के ग्रामीणों को कीचड़ भरी सड़क से राहत मिलेगी। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदसय काबलु महतो, ओमप्रकाश लायेक, मदन मुर्मू, माधवी सिंह सरदार, शंकर लायेक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### व्यापारियों के साथ हूं, मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि कुछ नहीं होगा : डॉ अजय कुमार



**जमशेदपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि मैं व्यापारियों के साथ हूं। लाल बाबा फाउंड्री स्थित गोदाम को टूटने की खबर से स्तब्ध हूं। मैंने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। सारी बातों को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया और उपायुक्त एवं वरीय पदाधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई करने का आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोदाम को टूटने नहीं देंगे। व्यापारियों से कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में लोगों को बसाया जाता है उन्हें उजाड़ा नहीं जाता है। भाजपा द्वारा लगातार प्रदेश की सरकार को बदनाम करने के लिए षड़यंत्र किया जा रहा है। इससे पहले भी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने एनजीटी में मामला दर्ज कराया था जिसके कारण भुईंयाडीह के कल्याण नगर एवं इंद्रा नगर सहित 150 घरों को तोड़ने का नोटिस दिया गया। भाजपा बौखलाई हुई है और सत्ता के लिए किसी भी स्तर तक वो गिर सकती है।

### प्रखण्ड प्रमुख पंस सदस्यों का फोन नही उठाती करोड़ों रुपए की योजना प्रखंड में अटका



**खलारी।** खलारी प्रखंड के प्रमुख सोनी तिग्गा क्यों नहीं उठाती है पंचायत समिति सदस्यों का फोन ।आखिर विकास में क्यों बन रही है रोड़ा। उक्त बातें खलारी प्रखंड के पूर्व प्रमुख रेणु देवी ने कहा। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष से प्रमुख सोनी तिग्गा पंचायत समिति सदस्यो का फोन नहीं उठा रही हैं और ना ही बात करती है और गलत बयान बाजी कर हम लोग को विकास विरोधी बता रही है। खुद प्रखंड कार्यालय में उपस्थित नहीं रहती है प्रमुख का साफ कहना है कि आप लोग हमें वोट नहीं दिए हैं इसलिए आप लोग का फाइल में साइन नहीं होगा अगर यही सोच रहा तो क्षेत्र में विकास कैसे होगा हम लोग नहीं चाहते हैं कि प्रमुख बन जाने के बाद दोहरा भूमिका निर्वहन करें। हम सभी पंचायत समिति सदस्यो का कहना है कि हम लोग का जो भी फाइल है उन पर प्रमुख साइन करें ।और गलत बयान बाजी कर हम लोग को गलत साबित न करें। हम लोग जनता के बीच चुनकर आए हैं और जनता का विकास करना हम लोगो की प्राथमिकता है। पंचायत समिति सदस्यो का फोन को उठाने की कष्ट करें।

# फ्लोरेंस इंस्टीट्यूट में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**स्वास्थ्य सेवक को सम्मान देने का उदेश्य**



**विश्व फार्मासिस्ट दिवस में मुख्य अतिथि व अन्य।**

**रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन इरबा ओरमांझी में एक कार्यक्रम कायोजन हुआ। इस अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता के डीन डा. ब्रजेश एन सिन्हा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया, कहा स्वास्थ्य सेवा के नायकों को सम्मान देने के उदेष्य से आज का महत्वपूर्ण है। फार्मासिस्ट हमें जीवन बचाने वाली दवाओं को उपलब्ध करने कार्य करती हैं। स्वस्थ्य के क्षेत्र में फार्मासिस्टों, फामेर्सी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसी लिए उन्हें हमारे स्वास्थ्य का संरक्षक भी कहा जाता है। वहीं सचिव जीनत कौशर कहा आज के समय में स्वास्थ्य संबंधित चिंताओं के साथ एक फार्मासिस्ट की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। फार्मासिस्ट उचित दवाओं को रोगियों तक पंहुचाने के लिए एक कड़ी की तरह कार्य करते हैं। मौके पर कॉलेज के सचिव जीनत कौशर, निदेशक डा. शाहीन कौशर, डा. नाजनीन कौशर, प्राचार्य संजीब कुमार, आशुतोष बेहेरा, अभय कुमार, शुभम कुमार, अबुजर फराहीम, रचना भारती, सबना अदिला मजहर अंसारी, तनाया पलित, पवन कुमार, ज्योति कंचन, रेणु कुमारी आदि उपस्थित थें।

# जयंती पर याद किए गए पं दीनदयाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यकताओं ने ओरमांझी में एक कार्यक्रम कर उन्हे याद किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर चैधरी पं दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। कहा पं दीनदयाल उपाध्याय मानव एकात्मवाद पर विष्वास करते थें। उनका सपना था अंतिम व्यक्ति तक विकाश कि करण पहुंचे। इसी उद्देश्य के साथ उन्होने जनसंघ की स्थापना की थी, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी बनी। कहा सर्वप्रथम 1952 में मात्र दो लोकसभा सांसद वाले भारतीय जनता पार्टी आज



**दीनदयाल जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता।**

विष्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। पं दीनदयाल जी के सपनो का भारत का निर्माण करने में भारतरत्न पूर्व प्रभानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बाद अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी प्रयास कर रहे हैं। मौके पर मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, लक्ष्मण महतो, रामलखन महतो, नरेश महतो, सुरेंद कुमार महतो, महेश महतो, कलेष्वर महतो, संजय महतो, राजकुमार महतो, रंजित महतो, फुलेष्वर महतो, धरमनाथ महतो, राजनाथ महतो, लगनधारी महतो, बीरबल महतो, मुन्नी देवी, सुनीता देवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा तैयारी बैठक

**ओरमांझी।** भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यक्रताओं द्वारा अलग-अलग शक्ति केंद्रों पर तैयारी बैठक की जा रही है। बुधवार को चकला व चाडु पंचायत में बैठक हुई। सरनाटोली बूथ संख्या 46 में हुई बैठक में अगामी 30 सितंबर को टाटीसिलवे मैदान में होने वाल परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में बाइक जुलूस निकालने का निर्णय हुआ। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा के युवा कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं चाडु में परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर रणधीर चैधरी, राजधाम साहू, अलखनाथ महतो, नीलमोहन पाहन, अमृत महतो, शंकर महतो, चंद्रदेव महतो, कमलनाथ महतो, दीपक



यादव, भोलानाथ महतो, रोहन मुंडा, बंटी करमाली, विक्की करमाली, मनीष करमाली, मनोज मुंडा, वीरेंद्र महतो, केदारनाथ महतो, रोहित महतो, धीरज पाहन व प्रेम मुंडा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# आदिवासी-मूलवासी कांग्रेस पार्टी की रीढ़ : केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखंड के बुढ़ी बेड़ा स्कूल मैदान में युवा सम्मेलन सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि सुदुर ग्रामीण क्षेत्र की जनता ही कांग्रेस पार्टी की पुंजी हैं गांव के आदिवासी और मुलवासी ही पार्टी की रीढ़ हैं। उन्होंने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए। उपस्थित ग्रामीणों से उन्होंने हाथ उठाकर समर्थन मांगते हुए कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी देश के युवा सम्राट राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय



अध्यक्ष खड़गे जी के अहवान पर के द्वारा कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को पुनः खिजरी विधान से भारी मतों से जिताने का काम करें।उन्होंने बुढ़ी बेड़ा, राढुजारा, फतेटोली, बानपुर, जहेरा आदि गांवों से आए हुए ग्रामीणों की मूल समस्या ढेलुवा खुटा से बुढ़ी बेड़ा होते हुए फातेटोली तक की सड़क की दयनीय स्थिति और विद्यालयों में शिक्षकों की घोर कमी को सुना तथा विधायक जी के साथ मिलकर हरसंभव समस्या निराकरण का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक राजेश कच्छप ने ग्रामीण एवं प्रदेश अध्यक्ष को आस्वस्त किया कि तकनीकी अड़चन के कारण बुढ़ी बेड़ा रोड का मरम्मत कार्य प्रारंभ होने में विलंब हुआ है, सात -आठ दिन के अंदर इसे ठीक कर लिया जाएगा। विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि आप का भरोसा कभी डिगने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे खिजरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 300 किमी पथ का स्वीकृति प्राप्त हुआ है और कल से ही उसे धड़ाधड़ शिलान्यास किया जा रहा है। उपस्थित सभी माता बहनों को भारी बारिश में भी उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानने और सुनने के लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया।

**विकास की गंगा बहा रही इंडिया गठबंधन**

रांची जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि की झारखंड में इंडीया गठबंधन की सरकार विकास की गंगा बह रही है जिसे विपक्ष में बैठी भाजपा और उसके सहयोगी पार्टी देखकर हैरान है और नई-नई कमियां ढूंढकर सरकार को बदनाम करने की साजिश रचते हैं किंतु हेमंत सरकार झारखंड के विकास में अपनी पूरा ताकत निछावर कर दिया है सरकार का सपना है की झारखंड का कोई भी व्यक्ति इन स्वर्णिम योजनाओं से वंचित न रहे। यह समारोह नाइन स्टार क्लब बुढ़ी बेड़ा के युवाओं द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें ग्राम प्रधान मोहन उरांव, जोवाकीम कच्छप, कमल मुंडा, अर्जुन , जगन्नाथ महतो, कान्हु उरांव, अरबिल तिर्की आदि का विशेष योगदान रहा।

# टीम इंडिया ने कानपुर में शुरू किया अभ्यास



एजेंसी

**कानपुर (उत्तर प्रदेश)।** भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से यहां ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। चेन्नई में पहला टेस्ट जीतकर टीम इंडिया 2 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया की नजर अब दूसरा टेस्ट जीतकर बांग्लादेश का सूपड़ा साफ करने पर है, जिसके लिए उसने कड़ा अभ्यास शुरू भी कर दिया है। शहर में जहां सुबह के सत्र में बुधवार को बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने नेट प्रैक्टिस कर पसीना बहाया था। वहीं दोपहर 1:30 बजे टीम इंडिया पहुंची। बल्लेबाजी की बात करें तो कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने दोपहर 1:30 बजे से लेकर करीब 1 घंटे तक नेट प्रैक्टिस की। इस दौरान तेज गेंदबाज बुमराह, स्पिनर आर अश्विन रवींद्र जडेजा समेत अन्य उन्हें गेंदबाजी कराई। दोपहर 2:30 बजे के बाद कुछ देर के लिए जहां विराट कोहली ने रेस्ट किया। उसके बाद लगभग 3:00 बजे वह एक बार फिर से नेट पर पहुंचे और प्रैक्टिस शुरू कर दी। ग्रीन पार्क स्टेडियम के अंदर चर्चा थी कि यहां ट्रेनी गेंदबाज जमशेद ने जब विराट कोहली को गेंद फेंकी तो विराट ने उनकी गेंदबाजी की प्रशंसा भी की।

### उमस से बेहाल दिखे खिलाड़ी

बुधवार को जब टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने ग्रीन पार्क स्टेडियम पर नेट प्रैक्टिस शुरू की तो बहुत अधिक उमस से वह परेशान दिखे। कुछ देर के बीच में ही जहां खिलाड़ियों ने मिनरल वाटर लिया। नेट पर प्रैक्टिस के अलावा खिलाड़ियों ने कैच प्रैक्टिस भी की जिसमें गिल ने सबसे अधिक हवाई शॉर्ट मारे। जैसे ही खिलाड़ियों की गाड़ियां ग्रीन पार्क स्टेडियम पहुंची तो यहां उनकी एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के आसपास दर्शकों का भी अच्छा खासा हुजूम उमड़ा। जिसमें सबसे अधिक संख्या युवाओं की रही।



## हमने अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं किया, भारत से पहले टेस्ट में हार पर बोले बांग्लादेश के कोच

**कानपुर।** बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने बुधवार को कहा कि उनके खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी प्रतिभा और क्षमता के साथ न्याय नहीं किया, लेकिन उम्मीद जताई कि शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। हथुरुसिंघे ने कहा, हम इसको लेकर थोड़े चिंतित हैं क्योंकि जब भी हम इसको लेकर बात करते हैं तो यही कहते हैं कि अगर आपको अच्छी शुरूआत मिलती है तो उसे बड़े स्कोर में बदलो। हमारे कुछ खिलाड़ियों ने क्रीज पर पर्याप्त समय बिताया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने कहा, लेकिन भारत की यह टीम अलग-अलग चुनौतियां पेश कर रही है। हम इससे अच्छी तरह वाकिफ हैं। इसलिए हमें लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी होगी। बांग्लादेश की टीम में बाएं हाथ से खेलने वाले पांच खिलाड़ी हैं जिनमें शीर्ष चार स्थान में बल्लेबाजी करने वाले मोमिनुल हक भी शामिल हैं। बल्लेबाजी में बाएं-दाएं संयोजन आमतौर पर बेहतर काम करता है क्योंकि यह गेंदबाजों को अपनी लाइन और लेंथ से लगातार संयोजन बिठाने के लिए मजबूर करता है। बांग्लादेश हालांकि इस आधार पर टीम का चयन नहीं करेगा। हथुरुसिंघे ने कहा, यह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं फिर चाहे वह दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हो या बाएं हाथ से। अगर हम टीम में कोई परिवर्तन करते हैं तो वह पिच की स्थिति निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, जब भी हम टीम में कोई बदलाव करते हैं तो यह देखते हैं कि टीम में शामिल होने वाला खिलाड़ी टीम में क्या नया जोड़ सकता है तथा बाहर होने वाले खिलाड़ी से क्या नुकसान होगा। इसलिए हम इसे बाएं या दाएं हाथ के खिलाड़ी के बजाय समग्र रूप में देखते हैं। ग्रीन पार्क की पिच से स्पिनर को मदद मिल सकती है जिससे दोनों टीम अपने एक तेज गेंदबाज को बाहर कर सकती हैं। लेकिन हथुरुसिंघे ने कहा कि उन्हें अभी नहीं पता कि किस विकेट पर मैच खेला जाएगा। उन्होंने कहा, हमने पिच को देखा है लेकिन मैदानकर्मियों ने दो विकेट तैयार कर रखे हैं। उन्होंने हमें यह नहीं बताया कि किस विकेट पर मैच खेला जाएगा। हमें इसके बारे में कल ही पता चलेगा।

# पंत ने लगायी आइसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छलांग



- आइसीसी ने जारी की लेटेस्ट रैंकिंग, बल्लेबाजों की टॉप-10 में ऋषभ पंत की वापसी
- बांग्लादेश के खिलाफ खेली थी शतकीय पारी, रोहित-विराट को नुकसान हुआ है
- यशस्वी जायसवाल टॉप इंडियन बैट्समैन, इंग्लैंड के जो रूट की बादशाहत कायम है

एजेंसी

**दुबई।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने लंबे अंतराल के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से प्रवेश किया है। आइसीसी की ताजा रैंकिंग में सभी प्रारूपों में बदलाव किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के रोमांचक सप्ताह के बाद दुनिया के कई शीर्ष खिलाड़ियों की टेस्ट और वनडे रैंकिंग में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। चेन्नई में बांग्लादेश पर भारत की दूसरी पारी में पंत के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचा दिया जिससे उन्हें 731 रेटिंग अंक मिले। विकेटकीपर बल्लेबाज ने हमवतन यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर 751 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर जगह बनाई। इस बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पांच पायदान नीचे खिसकने के बावजूद शीर्ष 10 में बने हुये हैं, अब वे बांग्लादेश के खिलाफ दोनों पारियों में 10 से कम रन बनाने के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 716 अंकों के साथ दसवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी विभाग में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या ने गॉल में शानदार प्रदर्शन से ध्यान आकर्षित किया। जयसूर्या 743 रेटिंग अंकों के साथ टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। हालांकि श्रीलंका के ही असिथा फर्नांडो 13वें स्थान पर खिसक गये। बल्लेबाजी के मोर्चे पर, कामिंदू मेंडिस 16वें स्थान पर पहुंच गये, जबकि धनंजय डी सिल्वा ने ऑलराउंडर रैंकिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वे पांच पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए।

वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान के उभरते सितारों ने इतिहास रच दिया। युवा सनसनी रहमानुल्लाह गुरबाज 23 साल की उम्र से पहले अपना सातवां शतक लगाने के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। गुरबाज का उदय अफगानिस्तान क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि वह आइसीस पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके शानदार प्रदर्शन ने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड को पछाड़ दिया, जो इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले वनडे में नाबाद 154 रन बनाकर नौवें स्थान पर पहुंच गए।

अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने भी दक्षिण अफ्रीका पर अफगानिस्तान की ऐतिहासिक श्रृंखला जीत में 7 विकेट लेने के बाद वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 8 पायदान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। राशिद के प्रदर्शन ने अफगानिस्तान को शीर्ष पांच रैंकिंग वाली टीम पर पहली वनडे श्रृंखला जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एम्बाप्पे ने रियाल मैड्रिड को दिलाई एक और जीत

एजेंसी



**मैड्रिड।** किलियन एम्बाप्पे ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले पांच मैच में अपना छठा गोल दागा जिससे रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अलावेस को 3-2 से हराया। एम्बाप्पे को खेल के 40वें मिनट में बॉक्स के अंदर गेंद मिली और उन्होंने एक डिफेंडर को छकाकर बड़ी खूबसूरती से उसे गोल में बदल दिया। एम्बाप्पे को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 80वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था। लुकास वाजक्वेज और रोड्रिगो ने भी मैड्रिड की तरफ से गोल किए। इससे मैड्रिड ने स्पेनिश लीग में अपने अजेय अभियान को 39 मैच तक पहुंचा दिया है। इसमें पिछले सत्र की 29 जीत और 10 ड्रॉ भी शामिल हैं। अलावेस ने 85वें मिनट में कार्लोस बेनाविदेज और 86वें मिनट में किके गार्सिया के गोल की मदद से वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन अंतिम क्षणों में कुछ अच्छे मौके मिलने के बावजूद वह बराबरी नहीं कर पाया। एम्बाप्पे के अब मैड्रिड के साथ सभी प्रतियोगिताओं में 9 मैचों में सात गोल हो गए हैं। स्पेनिश लीग में उनके नाम पांच गोल हैं और वह बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की से एक गोल पीछे हैं।

## टीम में जगह तो थी नहीं, घरेलू क्रिकेट क्यों खेलता : धवन

एजेंसी

**जोधपुर।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने बुधवार को खुलासा किया कि राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने की उनके पास प्रेरणा नहीं बची थी और यही कारण था कि उन्होंने पिछले महीने खेल से संन्यास लेने का फैसला किया। भारत के लिए 2013 से 2022 के बीच 34 टेस्ट, 167 एकदिवसीय और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने के बाद 38 साल के धवन ने अगस्त में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। संन्यास ले चुके क्रिकेट के टूनामेंट लीजेंड्स लीग क्रिकेट के इतर धवन ने कहा कि मैं घरेलू क्रिकेट नहीं खेलना चाहता था जो मैंने 18 या 19 साल की उम्र में खेलना शुरू कर दिया था। मेरे अंदर से क्रिकेट के इस प्रारूप को खेलने के लिए प्रेरणा नहीं थी। धवन 2021 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत के 25वें एकदिवसीय कप्तान बने जब उन्होंने रोहित की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 12 मैच में टीम की अगुआई की जिसमें भारत ने 7 मैच जीते जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा।हालांकि पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप से पहले धवन को युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के लिए टीम में जगह बनानी पड़ी। भारत के लिए उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2022 में था।

उन्होंने आइपीएल में 222 मैचों में 2 शतक और 51 अर्धशतक सहित 6769 रन बनाए। टूनामेंट में उनके 768 चौके किसी भी बल्लेबाज द्वारा लगाए गए सबसे अधिक चौके हैं और उन्होंने आईपीएल में लगातार शतक लगाने वाला पहला बल्लेबाजी बनने की उपलब्धि भी हासिल की।

### स्वियाटेक डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में हिस्सा लेंगी

**वारसॉ।** विश्व की नंबर वन टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक सात अक्टूबर से शुरू होने वाले डब्ल्यूटीए 1000 वुहान ओपन में स्पर्धा करेंगी। स्वियाटेक की पीआर और संचार प्रबंधक पाउला वोलेका ने कहा, वुहान में होने वाले अगले टूनार्मेंट के लिए इगा ने पंजीकरण कराया है। स्पेन के मलागा में बिली जीन किंग कप टूनार्मेंट में स्वियाटेक की भागीदारी के बारे में अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

### भारत की अडंर-20 फुटबॉल टीम ने मंगोलिया को 4-1 से हराया

**वियनतियाने (लाओस)।** भारत ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्लीफायर में बुधवार को मंगोलिया को 4-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। लाओ नेशनल स्टेडियम में खेले गये ग्रुप जी के मुकाबले में हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं, लेकिन भारत ने दूसरे हाफ में आक्रमण खेल का मुजाहिरा करते हुए मंगोलिया की रक्षापंक्ति को भेदते हुए केल्विन सिंह मैंगलेंथांग किपगेन ने (51वें और 54वें मिनट) में गोलकर भारत की बढ़त को 3-1 कर दिया।

# शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रचने वाले भारतीय धुरंधरों से मिले पीएम मोदी, स्वर्ण जीतने की दी बधाई



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को शतरंज ओलंपियाड 2024 में इतिहास रचने वाले भारतीय धुरंधरों से मुलाकात की। भारत की पुरुष और महिला टीमों के खिलाड़ियों से पीएम अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर मिले। इस दौरान उन्होंने भारतीय युवाओं के साथ शतरंज की बाजी भी खेली। भारत के पुरुष और महिला शतरंज खिलाड़ियों ने इतिहास रचते हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में विजेता बनने का गौरव हासिल कर लिया। शतरंज ओलंपियाड के 97 साल के इतिहास में पहली बार बेटों और बेटियों ने स्वर्ण जीता है। पुरुष टीम ने 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया को 3.5-0.5 से हराया और महिला टीम ने अजरबैजान को इसी अंतर से हराया।

## पुरुषों ने 21 और महिलाओं ने 19 अंक हासिल किए

डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञानंद, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा की पुरुष टीम पूरे टूनार्मेंट में अजेय रही और कुल 22 में से 21 अंक हासिल किए। पुरुषों में अमेरिका ने रजत और उज्बेकिस्तान ने कांस्य जीता। डी हरिका, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने 19 अंक हासिल किए। कजाकिस्तान को रजत और अमेरिका को कांस्य मिला भारतीय खिलाड़ियों का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी शानदार रहा। गुकेश ने शीर्ष बोर्ड और अर्जुन ने तीसरे बोर्ड पर स्वर्ण जीता। महिलाओं में दिव्या देशमुख ने तीसरे और वंतिका अग्रवाल ने चौथे बोर्ड पर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले 2014 और 2022 में पुरुषों ने कांस्य और महिलाओं ने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

## आइओए की कार्यकारी परिषद की बैठक आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और कोषाध्यक्ष सहदेव यादव के बीच आपसी विवाद चल रहा है। इसी बीच आइओए की गुरुवार को कार्यकारी परिषद की बैठक बुलाई गई है। इसके एजेंडे में सदस्यों ने विवादास्पद मुद्दों को भी शामिल किया है जिसमें पीटी उषा द्वारा उन्हें जारी कथित तौर पर धमकी भरे पत्र का मामला भी शामिल है।

### उषा-सहदेव के बीच बढ़ा विवाद

उषा और सहदेव के बीच विवाद इतना बढ़ गया है कि कोषाध्यक्ष ने उषा के खिलाफ उनकी छवि को बदनाम करने के लिए कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। मालूम हो कि उषा ने पद पर बने रहने की उनकी योग्यता को चुनौती देने वाली शिकायत के आधार पर सहदेव को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कार्यकारी परिषद द्वारा जोड़े गए 14 बिंदुओं के एजेंडा में अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों को समय-समय पर जारी किए गए अवैध और धमकी भरे पत्रों पर चर्चा शामिल है। अध्यक्ष से संबंधित दो अन्य मुद्दों के अनुसार परिषद आइओए संविधान के तहत अध्यक्ष की शक्तियों के दायरे पर चर्चा और विचार-विमर्श करेगी तथा अध्यक्ष के आचरण की रिपोर्ट आइओए नैतिकता आयोग को देने की आवश्यकता पर निर्णय लेगी। बैठक के बारे में आधिकारिक संवाद परिषद के 12 सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया गया है जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव, उपाध्यक्ष और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग, सदस्य और पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त आदि शामिल हैं। जिन सदस्यों ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए उनमें मुक्केबाज एमसी मेरीकॉम और टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल शामिल हैं जो आइओए खिलाड़ी आयोग में हैं।

### पेरिस ओलंपिक में अतिरिक्त खर्चे पर होगी चर्चा

हाल ही में पेरिस ओलंपिक से संबंधित मुद्दे भी बैठक का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे। इनमें ओलंपिक का प्रायोजन विवरण, पेरिस में किए गए अतिरिक्त खर्चे शामिल हैं जिसमें आईओए के कथित खर्चे पर अध्यक्ष के कमरे को अपग्रेड करना भी शामिल है। एक अन्य चर्चा नवंबर 2022 में उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों (एसओएम) के चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया और निर्वाचित पदों के लिए आईओए के चुनाव में उनकी भागीदारी से संबंधित होगी। खिलाड़ी आयोग ने उस समय आठ एसओएम चुने थे जिनमें उषा, योगेश्वर दत, एमएम सोमाया (हॉकी), रोहित राजपाल (टेनिस), अखिल कुमार (मुक्केबाजी), शुमा सिरुर (निशानेबाजी), अपर्णा पोपट (बैडमिंटन) और डोला बनर्जी (तीरंदाजी) शामिल थे।

# भारत-जर्मनी श्रृंखला से दिल्ली में हॉकी की भावना पुनर्जीवित होगी: सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला से पहले अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा कि यह श्रृंखला राजधानी में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करेगी। दो मैचों की श्रृंखला 23 और 24 अक्टूबर को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेली जाएगी। यह श्रृंखला एक दशक के बाद राजधानी में पुरुषों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी को चिह्नित करेगी, जिसका अंतिम मैच जनवरी 2014 में हॉकी विश्व लीग फाइनल-पुरुष राउंड 4 के दौरान खेला गया था। आगामी श्रृंखला को लेकर हरमनप्रीत ने कहा, इतने सालों के बाद दिल्ली में घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलना एक टीम के रूप में हमारे लिए वास्तव में विशेष है। मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में बहुत सारे इतिहास और यादें हैं और यहां टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान होगा। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने की ऊर्जा बेजोड़ है, और मुझे पता है कि प्रशंसक हमारा समर्थन करने के लिए बड़ी संख्या में आएंगे। उन्होंने आगे कहा, जर्मनी विश्व हॉकी में शीर्ष टीमों में से एक है, और उनके खिलाफ खेलना हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी। यह हमारी तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आगे आने वाले प्रमुख टूनामेंटों के लिए तैयार हैं। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और यह श्रृंखला हमें एक बहुत मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खुद को परखने का अवसर देगी। दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी पर हरमनप्रीत ने कहा, दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच की मेजबानी किए हुए एक दशक से अधिक समय हो गया है और हम इस खेल को राजधानी में वापस लाने के लिए उत्साहित हैं। यह श्रृंखला केवल दो टीमों के खेलने के बारे में नहीं है। यह दिल्ली में हॉकी की भावना को पुनर्जीवित करने के बारे में है। हमें उम्मीद है कि यह क्षेत्र के अधिक युवा खिलाड़ियों को खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। विशेष रूप से, यह दो मैचों की श्रृंखला न केवल दिल्ली के लिए एक आकर्षण है, बल्कि देश भर में खेल को बढ़ावा देने के हॉकी इंडिया के दृष्टिकोण का भी हिस्सा है। हाल के वर्षों में, हॉकी इंडिया ने ओडिशा से आगे बढ़कर, जो हॉकी का केंद्र बन गया है, खेल को अन्य शहरों में लाने के लिए अपने प्रयासों का विस्तार किया है। पिछले साल, चेन्नई ने पुरुषों की एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की, जबकि रांची ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर दोनों का स्वागत किया। इस नवंबर में, बिहार का एक शहर राजगीर आगामी महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा, जो भारत में हॉकी के बढ़ते पदचिह्न में एक और अध्याय जोड़ेगा। अब, जब अंतरराष्ट्रीय हॉकी दिल्ली में लौट रही है, तो हॉकी इंडिया यह सुनिश्चित कर रहा है कि खेल विभिन्न क्षेत्रों में भी फलता-फूलता रहे।



## अल्काराज ने अपना स्थान सुरक्षित किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कार्लोस अल्काराज ने नवंबर में ट्यूरिन में होने वाले सत्र के अंतिम एटीपी फाइनल्स में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है, इसी के साथ वह विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जननिक सिनर और दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर जेवेरेव के साथ इस टूनार्मेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। 21 वर्षीय अल्काराज ने इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतकर अपने ग्रैंड स्लैम की संख्या चार कर ली है, इससे पहले उन्होंने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था। स्पेन के तीसरे नंबर के खिलाड़ी, जिन्होंने इंडियन वेल्स का खिताब भी जीता है, ने लगातार तीसरे साल सीजन के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है और पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य रखेंगे। पिछले साल के उपविजेता सिनर ने मॉन्ट्रियल क्वार्टर फाइनल में अपनी दौड़ के दौरान अगस्त में क्वालीफाई किया, जबकि 2018 और 2021 के चैंपियन जेवरेव ने इस महीने यू.एस. ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाकर अपना स्थान अर्जित किया। एटीपी फाइनल, जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आठ एकल खिलाड़ी और युगल टीमें शामिल हैं।

